


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 15 अंक - 144 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरुवार 7 मार्च 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद सरकार ने तीन निकायों में बनाए कार्यवाहक अध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने तीन नगरीय निकायों में अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी अलग-अलग आदेश के अनुसार बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका के वार्ड क्रमांक-13 की पार्षद श्रीमती अमरीका कृष्ण कुमार साहू को तखतपुर नगर पालिका का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन द्वारा बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-15 के पार्षद श्री धनलाल देशलहरे को मारो नगर पंचायत का और मुंगेली जिले के सरगांव नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-5 के पार्षद श्री परमानंद साहू को सरगांव नगर पंचायत का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य शासन ने तीनों नगरीय निकायों में वर्तमान अध्यक्षों के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद अध्यक्ष के रिक्त पदों की जानकारी देते हुए नए अध्यक्षों के निर्वाचन के लिए आवश्यक कार्यवाही हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

### क्रू से बदतमीजी के बाद वित्तीय सेवा कंपनी की प्रमुख को विमान से उतारा

**नईदिल्ली।** एक अग्रणी वित्तीय सेवा कंपनी के प्रमुख को दुर्व्यवहार के कारण एयर इंडिया विमान से उतारने की खबर सामने आई है। चालक दल के सदस्यों से कथित तौर पर अशिष्टता से बात करने और उनसे बहस करने के लिए एयर इंडिया के एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान से पहले यह वारदात हुई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को एयर इंडिया की दिल्ली-लंदन फ्लाइट के बिजनेस क्लास में सवार होने के बाद एक वित्तीय सेवा कंपनी की प्रमुख क्रू के सदस्यों से अशिष्ट तरीके से बात करने लगी। जब यह व्यवहार जारी रहा तो केबिन क्रू ने कैप्टन को सूचित किया। बिजनेस क्लास के कुछ अन्य यात्रियों ने भी महिला के व्यवहार को अशिष्ट बताया। सूत्रों के अनुसार लगभग नौ घंटे की लंबी उड़ान होने के कारण, कैप्टन ने संभावित परेशानी से बचने के लिए उक्त यात्री के साथ उड़ान नहीं भरने का फैसला किया, और उन्हें उतार दिया गया। विमान से उतारे जाने वाले व्यक्ति का चेक-इन सामान भी उतारना पड़ता है, जिससे उड़ान के प्रस्थान में लगभग एक घंटे की देरी हुई।

### आवासीय गर्ल्स पोर्टाकेबिन में लगी आग, स्टाफ समेत 305 बच्चियों का रेस्क्यू, एक की मौत

**बीजापुर।** बीजापुर में देर रात सरकारी आवासीय गर्ल्स पोर्टाकेबिन में भीषण आग लग गई। वहां मौजूद 305 बच्चियों को रेस्क्यू किया गया। इस दौरान आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही घंटों में पूरा पोर्टाकेबिन जलकर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में एक बच्ची की मौत हो गई है।

मामले की जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आदिवासी बच्चियों को अच्छी शिक्षा देने के लिए पोर्टाकेबिन का निर्माण किया गया था। जिसमें पहली से लेकर आठवीं तक कि बच्चियों को पढ़ाया जाता है। बीती रात को बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र के चिंताकोन्टा केबिन में करीब 305 बच्चियां सो रही थीं। अचानक से वहां आग लग गई। ग्रामीणों के साथ स्थानीय टीम ने बच्चियों को बचाने का काम शुरू किया।

# कोरबा में सीएम साय के नाम और काम से फहराएगा केसरिया ध्वज!

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** परिसीमन के बाद 2008 में अस्तित्व में आई कोरबा लोकसभा सीट में अब तक महज 3 संसदीय चुनाव हुए हैं, जिनमें 1 बार भाजपा को जीत मिली। लेकिन इस बार यहां के हालात जुदा हैं। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद सीएम साय की अगुवाई में भाजपा की सरकार ने क्रांतिकारी फैसले लिए हैं, जिनका असर इस चुनाव में साफ तौर पर दिखेगा। कोरबा सीट से पार्टी ने कद्दावर नेत्री सरोज पाण्डेय को मैदान में उतारा है। हालांकि कांग्रेस ने अब तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत या उनके पति चरणदास महंत यहां से प्रत्याशी हो सकते हैं। कोरबा में 2009 में हुए पहले चुनाव में चरणदास महंत ने जीत हासिल की थी। लेकिन 2014 के चुनाव में वे भाजपा के डॉ. बंशीलाल महतो से हार गए थे। 2019 में कांग्रेस ने महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत को प्रत्याशी बनाया था, जो वर्तमान में सांसद हैं।





यूं तो बतौर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने अब तक के छोटे से कार्यकाल में पूरे प्रदेश के लिए न केवल बेहतर योजनाएं बनाईं हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी किया है। लेकिन फिलहाल उनका फोकस उन दो सीटों पर है, जहां पिछली दफा भाजपा को पराजय मिली थी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण कोरबा की सीट है। कोरबा, सीएम साय के गढ़ रायगढ़ से लगा हुआ इलाका है। इसलिए भी इस सीट को लेकर वे ज्यादा गम्भीर है। गम्भीरता की एक बड़ी वजह यह भी है कि 2009 के पहले चुनाव में भाजपा ने इस सीट से करुणा शुक्ला को उतारा था, जिन्हें पराजय का सामना करना पड़ा था। वर्तमान में सरोज पाण्डेय की स्थिति हालांकि 2009 के हालातों से बेहतर है, लेकिन सीएम साय इस बार कोरबा में किसी चूक के मूड़ में नहीं है। महत्वपूर्ण यह भी है कि उस वक्त भाजपा में जो स्थान करुणा शुक्ला का था, लगभग वही स्थान वर्तमान में सरोज पाण्डेय का है।

### 2 लाख वोटों से जीतेंगी सरोज-लखनलाल देवांगन



उद्योग एवं श्रममंत्री लखनलाल देवांगन ने भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय के 2 लाख से ज्यादा वोटों से जीतने का दावा किया है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री देवांगन ने स्थानीय और बाहरी के मुद्दे को खारिज करते हुए पूछा कि ज्योत्सना महंत कोरबा के लिए क्या हैं? सरोज पाण्डेय राष्ट्रीय नेत्री हैं, उन्हें प्रदेश ही नहीं, पूरा देश जानता है। पूर्वमंत्री जयसिंह अग्रवाल और ज्योत्सना महंत उनके आगे कहीं नहीं ठहरते। एक सवाल पर उद्योग मंत्री ने जयसिंह अग्रवाल को कद्दावर नेता मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा,- काहे का कद्दावर नेता...। पैसा बांटकर दो तीन बार चुनाव जीत गया। इस बार ठीक प्रत्याशी मिला तो जय सिंह 12 के भाग से निपट गया। उन्होंने हाल ही में हुई राहुल गांधी की न्याय यात्रा कोई फर्क नहीं पड़ने की बात कही, साथ ही कहा कि हकीकत यह है कि राहुल गांधी ने कांग्रेस का बंठाधार कर दिया है।

### सरोज बड़ी और अनुभवी लीडर, जीतेंगी - रेणुका



इधर, भरतपुर सोनहत क्षेत्र की विधायक व पूर्व केन्द्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि सरोज के पास महापौर, विधायक और सांसद जैसे पदों पर काम करने का अनुभव है। वे बड़ी लीडर हैं। कोरबा से वे निश्चित तौर पर जीतेंगी और इसका लाभ भी क्षेत्रवासियों को मिलेगा। उन्होंने वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत पर भी कटाक्ष किया। रेणुका ने कहा कि उन्होंने ज्योत्सना महंत को संसद में कभी बोलते हुए नहीं देखा। जनता ने महंत को अपनी बातें उच्च सदन तक पहुंचाने के लिए चुना, लेकिन सांसद के रूप में ज्योत्सना महंत ने जनता के मुद्दों पर कभी सदन में अपनी बात नहीं रखा। न ही उन्होंने सदन में कोई मांग रखी। 5 साल पूरी तरह से निष्क्रिय रहीं। उन्होंने कहा कि इस बार एमबीसी और कोरिया जिले से भाजपा को अच्छी बढ़त मिलेगी। रेणुका ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर भी सवाल उठाए।

### 44 फीसद से ज्यादा एसटी मतदाता

कोरबा लोकसभा में कुल 8 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इसमें कोरबा जिले की कोरबा, कटघोरा, रामपुर और पाली-तानाखार की सीटें शामिल है। वहीं कोरिया जिले की मनेन्द्रगढ़, भरतपुर-सोनहत और बैकुंठपुर सीटें शामिल है। बिलासपुर जिले की मरवाही सीट भी इसी लोकसभा अंतर्गत आती है। जातीय समीकरणों की बात करें तो कोरबा लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुसूचित जनजाति वर्ग के 44.5 प्रतिशत मतदाता हैं। इसके बाद अनुसूचित जाति के 9.2 फीसदी, मुस्लिम वोटर्स 3.5 प्रतिशत और बाकी बचे हुए वोटर्स सामान्य वर्ग और ओबीसी कैटेगरी से हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में साक्षरता दर 61.16 प्रतिशत है। वर्तमान में इस लोकसभा क्षेत्र में 15 ,99,188 मतदाता हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से कांग्रेस की ज्योत्सना महंत ने विजय हासिल की थी। उन्हें 5.23 लाख वोट मिले थे, वहीं उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा की ज्योतिनंद दुबे को 4.97 लाख मत मिले थे।

### कोरबा में कांग्रेस एक परिवार पर निर्भर- सरोज



भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद सरोज पाण्डेय का पहला दौरा जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। सुश्री पाण्डेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कोरबा में एक ही परिवार पर निर्भर नजर आती है। इस क्षेत्र में पहले पिता, फिर पुत्र और फिर बहू को बार-बार चुनाव में उम्मीदवार बनाया गया। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी कोरबा पहुंची तो कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। अलग-अलग जगहों पर कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद वे टीपी नगर स्थित केन्द्रीय चुनाव कार्यालय पहुंची। यहबां पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने स्थानीय और बाहरी के मुद्दे को खारिज करते हुए साफ तौर पर कहा कि वर्तमान सांसद भी कोरबा से नहीं हैं। उन्होंने वर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत की सक्रियता पर भी सवाल उठाए। सरोज पाण्डेय ने कहा कि ज्योत्सना के बाद 5 साल की उपलब्धियों के रूप में बताने को कुछ नहीं है। बाद में सुश्री पाण्डेय ने स्थानीय संगठन की बैठक लेकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की।

### जांजगीर का हिस्सा रहा है कोरबा लोकसभा क्षेत्र





2008 में हुए परिसीमन से पहले तक कोरबा संसदीय क्षेत्र जांजगीर लोकसभा का हिस्सा था। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम ने इसी जांजगीर सीट से 1984 में अपने राजनीतिक कैरियर की शुरूआत की थी। हालांकि वे इस चुनाव में हार गए थे। बाद में यूपी जाकर उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की और बसपा को ऊंचाइयों तक ले गए। 44.5 फीसद एसटी आबादी के बावजूद यहां राजनीतिक दल सामान्य वर्ग से प्रत्याशी देते रहे हैं। हालांकि परिसीमन के बाद हुए दूसरे चुनाव में भाजपा ने यहां से एसटी वर्ग से डॉ. बंशीलाल महतो को टिकट दी थी, जिन्होंने जीत हासिल की। कोरबा में भारत का सबसे बड़ा एल्युमिनियम संयंत्र भारत एल्युमिनियम कंपनी बालको भी है। छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा मिनीमाता हसदेव बांगो बांध भी यहां पर स्थित है।

# रायपुर या नांदगांव से लड़ सकते हैं भूपेश कांग्रेस के पैनल में कई चौंकाने वाले नाम

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक आज शाम होने जा रही है। खबर है कि इसके बाद छत्तीसगढ़ समेत देशभर की 100 से ज्यादा सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। इधर, छत्तीसगढ़ के लिए कांग्रेस का जो पैनल दिल्ली गया है, उसमें कई चौंकाने वाले नाम है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हालांकि लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। बावजूद इसके उनका नाम दो सीटों से है। वहीं पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे कई और मंत्रियों का नाम भी विभिन्न संसदीय सीटों के लिए गया है।



जानकारियों के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पार्टी रायपुर या राजनांदगांव सीट से चुनाव लड़वा सकती है। इन दोनों सीटों के लिए भूपेश का नाम प्रमुखता से भेजा गया है। वहीं भूपेश की ही तरह चुनाव लड़ने से पूर्व में इनकार कर चुके कई नेताओं के नाम भी दिल्ली भेजे गए हैं। इनमें शिव डहरिया, चरणदास महंत, टीएस सिंह और अनिला भेड़िया के नाम भी शामिल हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने लोकसभा चुनाव लड़ने की बजाए प्रदेशभर में घूम-घूमकर प्रचार करने की बात कही थी। पार्टी का मानना है कि भूपेश बघेल की छवि बड़े छत्तीसगढ़िया नेता की है। वे अन्य कांग्रेस नेताओं के मुकाबले ज्यादा लोकप्रिय हैं। पार्टी के नेताओं का मानना है कि भूपेश बघेल रायपुर संसदीय सीट से बृजमोहन अग्रवाल को कड़ी टक्कर दे सकते हैं।

### इन दिग्गजों के नाम हैं शामिल

कांग्रेस प्रत्याशी के लिए जिन नामों को दिल्ली भेजा गया है, उनमें सरगुजा क्षेत्र से प्रेमसाय सिंह टेकाम, शशि सिंह व खेलसाय सिंह शामिल है। वहीं रायगढ़ से अमरजीत भगत, लालजीत राठिया और रानी जयमाला सिंह, जांजगीर चाम्पा सीट से शिव डहरिया, रमेश पैंगवार, राइस किंग खूंटे, कोरबा से चरणदास महंत, ज्योत्सना महंत और जय सिंह अग्रवाल, बिलासपुर से टीएस सिंहदेव, संतोष कौशिक व रामशरण यादव, राजनांदगांव से भूपेश बघेल, महेश चंद्रवंशी और छन्नी साहू, दुर्ग सीट के लिए ताम्रध्वज साहू, राजेन्द्र साहू और प्रतिमा चंद्राकर, रायपुर सीट से भूपेश बघेल, रविन्द्र चौबे, डॉ. राकेश गुप्ता, सुशील आनंद शुक्ला व विकास उपाध्याय, महासमुंद सीट से उमेश पटेल, देवेन्द्र बहादुर सिंह व विनोद चंद्राकर, बस्तर से दीपक बैज व लखेश्वर बघेल और कांकेर सीट से अनिला भेड़िया, वीरेश ठाकुर व शिशुपाल सोरी के नाम शामिल हैं।

# केजरीवाल की पेशी के लिए कोर्ट पहुंची ईडी समन पर कोर्ट ने 16 को पेश होने कहा

■ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन का पालन नहीं करने के लिए जारी किया समन

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** ईडी ने कथित दिल्ली शराब नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में समन पर पेश नहीं होने को लेकर सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ फिर से शिकायत की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने समन का पालन नहीं करने के लिए ईडी की दूसरी शिकायत पर अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी किया है। कोर्ट ने केजरीवाल को 16 मार्च को पेश होने को कहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने पहले भी सीएम केजरीवाल के खिलाफ समन के का पालन न करने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। शिकायत भी दर्ज हुई थी।

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में बार-बार समन का पालन न करने पर केजरीवाल के खिलाफ एक नई शिकायत दिल्ली कोर्ट में दी। ईडी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने चार से आठ समन का पालन नहीं किया है। जिसके बाद एसीएमएम दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत को सूचीबद्ध कर लिया और सात मार्च को सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित की थी।

जानकारी के लिए बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के संबंध में अरविंद केजरीवाल को ईडी ने आठ समन जारी किए हैं। इससे पहले ईडी ने पहले से तीसरे समन पर पेश नहीं होने पर लोकल कोर्ट का रूख किया था। जिसको लेकर कोर्ट में 16 मार्च को मामले पर सुनवाई होगी।

### केजरीवाल के खिलाफ आठ समन हो चुके हैं जारी



दिल्ली शराब घोटाले में कथित मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं और इसी मामले में पूछताछ के लिए ईडी ने दिल्ली मुख्यामंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी किया है। इससे पहले 22 फरवरी को भी ईडी ने केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन भेजा था। लेकिन केजरीवाल सातवें समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे। इससे पहले बीती साल 2 नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी और 22 फरवरी और 3 मार्च को ईडी केजरीवाल को पूछताछ के लिए समन जारी कर चुकी थी।

# मंत्रियों का बदला मिजाज, बधाई

श्रीकंचनपथ




इसे मोदी मैजिक कहें या मोदी की गारंटी, पर जो कुछ हो रहा है, अच्छा हो रहा है। एक पटवारी का तबादला कर दिया गया। पटवारी को रिलीव भी कर दिया गया। पर पटवारी ने नई जगह पर ज्वाइनिंग नहीं दी। उलटे वह पहुंच गया राजस्व मंत्री के घर। वहां पहुंचकर उसने तबादला रुकवाने का आग्रह किया। मंत्रीजी ने आव देखा न ताव, सीधे कलेक्टर को फोन लगा दिया। साथ ही पटवारी को जमकर फटकार लगाई कि वह किसकी अनुमति से अपनी तैनाती की जगह छोड़कर रायपुर आ गया है। दरअसल, स्कूल-कालेज से लेकर प्रत्येक सरकारी विभाग में प्रशासनिक चुस्ती लाने के लिए उठाए गए कदम, इसी परिपाटी के चलते आधे-अधूरे ही हो पाते हैं। इसकी वजह से कई बार व्यवस्था बनते-बनते बिगड़ जाती है। मंत्रियों तक पहुंच रखने वाले कर्मचारी तबादला रुकवा लेते हैं और उसके बाद अपने उच्च अधिकारी को बात-बात पर ठेंगा भी दिखाने लगते हैं। अधिकारी भी ऐसे लोगों से उलझने से किनारा करने लगते हैं और फिर कामकाज ढर्रे पर चला जाता है। सुधार की गुंजाइश भी खत्म हो जाती है। इस लिहाज से देखें तो मंत्री ने किसी भी तरह के हस्तक्षेप से इंकार करके एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। यदि तबादला रुकवाने के जायज कारण हैं, तो इसकी भी प्रक्रिया निर्धारित है। मंत्री के पास पहुंच जाना सिस्टम को बाईपास करने जैसा है। वैसे भी राज्य के पटवारी खासे बदनाम हैं। एक तो बिना चढ़ावे के पटवारी काम नहीं करते। दूसरे चढ़ावा ठीक-ठाक हो तो पटवारी ऐसे-ऐसे करतब दिखा जाते हैं कि बाद में मामले का खुलासा होने पर लोग दांतों तले उंगलियां दबा लेते हैं। किसी खास इलाके में वर्षों से जमे हुए पटवारी एक तरह से वहां के जमींदार सरीखे हो जाते हैं। जमीन दलालों को वे स्वयं बताते हैं कि कौन सी जमीन पर कब्जा किया जा सकता है। किस जमीन का भाव बढ़ने वाला है। नजूल की जमीन कहां कब्जाई जा सकती है। पटवारी होशियार हो तो दस हजार वर्गफीट जमीन में तीन-तीन हजार वर्गफुट के चार प्लाट न केवल निकाल देता है बल्कि रजिस्ट्री तक का रास्ता साफ कर देता है। जमीन के काम में होने वाली इसी धांधली को रोकने के लिए सरकार ने छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानन्द तकनीकी विश्वविद्यालय के सहयोग से एक अभियान चलाकर उपलब्ध जमीन का हवाई सर्वे करवाया था। जमीन के अधिकांश रिकार्ड अब कम्प्यूटर पर जा चुके हैं। इसके बावजूद पटवारियों का खेल जारी है। कहा जाता है कि पटवारी से बिगाड़ करके न तो अधिकारी का गुजारा चल सकता है और न ही नेताओं का। इसी खौफ के चलते लोग पटवारी को खुश रखते हैं। ऐसे भी पटवारी हैं जिनके परिवार में कई-कई पटवारी हैं। खानदानी पटवारी एक-दूसरे के आसपास में नियुक्ति करवाकर इलाके का लाटसाहब ही बन जाते हैं। उनकी इजाजत के बिना परिन्दा भी पर नहीं मार सकता। इसलिए जब मंत्रीजी ने तेवर दिखाए, तो मोगंबो बहुत खुश हुआ।



## संपादकीय

### नकली दवा पर वार

देश में आए दिन नकली दवाइयों का भंडाफोड़ होना समाज के नजरिये से सुखद, पर प्रशासन के नजरिये से शर्मनाक है। सबसे दुखद है, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में फिर एक नकली दवा कंपनी का पकड़ा जाना। नकली दवाओं का निर्माण जिस गति से गाजियाबाद में हो रहा था, उसकी निंदा के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। यह न केवल लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़, बल्कि देश के साथ शत्रुता के समान है। गाजियाबाद में पता नहीं कब से यह नकली दवा फैक्टरी चल रही थी, जहां रक्तचाप, मधुमेह और गैस की नकली दवाएं बनाई जा रही थीं। जाहिर है, यह कंपनी अपने बाजार प्रतिनिधियों के जोर पर अनेक चिकित्सकों को लुभावने प्रस्ताव देकर अपनी दवाओं को बेचती होगी। औषधि विभाग, क्राइम ब्रांच और पुलिस के हाथ तो महज 1.10 करोड़ रुपये की नकली दवाएं आई हैं, पर वास्तव में न जाने कितनी नकली दवाइयों की बिक्री यह कंपनी कर चुकी होगी। खैर, नकली दवा बनाने वाले फैक्टरी संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे ऐसी सजा मिलनी चाहिए कि दूसरों के लिए नजीर बन जाए। इसमें कोई शक नहीं है कि मिलावटखोरों या नकली उत्पाद बनाने वाले उद्यमियों के साथ हमारे देश में ढिलाई या उदारता बरती जाती है, इसलिए अपराधियों के हौसले बुलंद रहते हैं। किसी न किसी रसूखदार का सहारा लेकर ऐसे उद्यमी-अपराधी बचने के रास्ते निकाल लेते हैं। चूंकि भारत में आबादी ज्यादा है और उसी अनुपात में बीमारियां भी हैं, तो दवाओं की मांग यहां लगातार बनी रहती है। ऐसे में, कुछ दवा निर्माता कंपनियों का काम ही यही है कि ब्रांडेड दवाओं के नाम का लाभ उठाया जाए। दवा कारोबार में लाभ भी बहुत होता है, यह लाभ भी अपराधियों को दवा निर्माण के व्यवसाय में खींच लाता है। नकली दवाओं का मामला केवल एक राज्य या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। तेलंगाना का ताजा मामला गौर करने लायक है। तेलंगाना सरकार ने मेग लाइफ साइंसेज द्वारा निर्मित 33 लाख रुपये से ज्यादा की तीन दवाओं की जांच की है और उनमें दवा का कोई भी तत्व नहीं पाया है। राज्य के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने कहा है कि इन तीनों नकली दवाओं में केवल चॉक पाउडर और स्टार्च मिला है। तेलंगाना में पकड़ में आई कंपनी ने कागज पर हिमाचल प्रदेश में मुख्यालय होने का दावा किया है, पर वास्तव में हिमाचल में ऐसी कोई कंपनी नहीं है। पता नहीं, ऐसी कितनी कंपनियां देश में चल रही हैं? पिछले सप्ताह ही तेलंगाना डीसीए और हैदराबाद पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद उत्तराखंड में इसी तरह के एक नकली दवा रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था, जिसमें चॉक पाउडर वाली नकली दवाओं को सिप्ला जैसी प्रतिष्ठित फार्मा कंपनियों की दवा के रूप में पेश किया जा रहा था। नकली दवाओं से शायद ही कोई राज्य अछूता है। पिछले महीने महाराष्ट्र में भी भारी मात्रा में नकली एंटीबायोटिक दवाओं को जब्त किया गया था। ऐसी कंपनियां अक्सर भ्रष्टाचार का सहारा लेकर सरकारी अस्पतालों में भी आपूर्ति करने में कामयाब हो जाती हैं। अब बड़ी नामी दवा कंपनियों को भी सतर्क रहना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों और औषधि नियामक संस्थाओं के साथ मिलकर दवा की दुनिया में विश्वास सुनिश्चित करने के लिए तमाम अच्छी-सच्ची कंपनियों को एकजुट हो जाना चाहिए। देश में विष बेच रहे दवा निर्माताओं के खिलाफ जितनी सख्ती बरती जाए, उतना अच्छा है।

> “ पिछले सप्ताह ही तेलंगाना डीसीए और हैदराबाद पुलिस के संयुक्त अभियान के बाद उत्तराखंड में इसी तरह के एक नकली दवा रैकेट का भंडाफोड़ किया गया था, जिसमें चॉक पाउडर वाली नकली दवाओं को सिप्ला जैसी प्रतिष्ठित फार्मा कंपनियों की दवा के रूप में पेश किया जा रहा था। नकली दवाओं से शायद ही कोई राज्य अछूता है।

### साख पर सीधा प्रहार

किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजित गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं। जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था। इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, तो उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा।

जस्टिस गंगोपाध्याय ने अभी नहीं बताया है कि वे किस दल की सदस्यता लेंगे या क्या वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे। लेकिन उनकी ताजा घोषणा से तृणमूल कांग्रेस को यह कहने का आधार जरूर मिला है कि राज्य सरकार विरोधी उनकी कई पुरानी टिप्पणियां राजनीति में प्रवेश करने का आधार बनाने के मकसद से की गई थीं। यह बात अपनी जगह सही है कि समय से पहले पद छोड़कर जजों के राजनीति में प्रवेश करने का यह पहला मौका नहीं है।

अतीत में कम-से-कम ऐसी दो मिसालें हैं। लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है। तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था। उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे। जबकि आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक बड़ा हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

### एक नई लक्ष्मण-रेखा

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने विधायिका और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्रों के बारे में संविधान में सीमा का पुनर्लेखन कर दिया है। उसने संविधान के अनुच्छेद 105(2) की नई व्याख्या कर दी है, जिसके तहत संसद के अंदर का कथित भ्रष्ट आचरण अब न्यायिक जांच-परख के दायरे में आ जाएगा। अपने ताजा फैसले के जरिए उसने ‘पीवी नरसिम्हा राव बनाम स्टेट’ (यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड) में 1998 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया है।

वह मामला जन-प्रतिनिधियों के कथित रिश्वत लेकर सदन के अंदर भाषण देने और मत डालने से संबंधित था। 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि सांसद और विधायकों पर इस तरह के मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि उन्हें संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण हासिल है। अब कोर्ट ने कहा है कि इस तरह के आचरण से संसदीय पवित्रता भंग होती है, इसलिए इसे संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण नहीं मिल सकता।

मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह तथ्य भी अपनी जगह सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। अगर शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैं। संविधान में जिस तरह संसदीय विशेषाधिकार का प्रावधान किया गया है, उसी तरह का संरक्षण न्यायपालिका को भी दिया गया है। अनुच्छेद 121 के तहत सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के जजों के आचरण पर संसद में बहस नहीं हो सकती।

> “ बांग्लादेश में भी दोनों प्रमुख पार्टियों का मौजूदा नेतृत्व परिवारवाद की देन है। अवामी लीग के नेता मुजीबुर्रहमान, जिनको बांग्लादेश का जनक माना जाता है, उनकी बेटी शेख हसीना पांचवीं बार यहां की प्रधानमंत्री बनी हैं। उनके खिलाफजो बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी है, उसकी कमान खालिदा जिया के पास है, जो बांग्लादेश में सदर रह चुके जियाउर्रहमान की पत्नी हैं।

# वंशवादी राजनीति पर बार-बार विश्वास

संजय के भारद्वाज
प्रोफेसर, जेएनयू

पाकिस्तान में शहबाज शरीफ ने दूसरी बार वजीर-ए-आजम का पद संभाल लिया है। उनकी सरकार फौज का मुखौटा है या नहीं, यह बहस का एक अलग विषय है, लेकिन शहबाज की ताजपोशी यह भी बता रही है कि पाकिस्तान में वंशवादी राजनीति की जड़ें कितनी गहरी हैं। वास्तव में, दक्षिण एशिया में लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव ही परिवारवाद पर टिकी है। पिछली सदी के पूर्वार्द्ध में, जब भारत उपनिवेशवाद से आजादी की तरफ बढ़ रहा था, तब जिन राजनीतिक मूल्यों के साथ लोगों की लामबंदी की गई, उसी पृष्ठभूमि में भारतीय उप-महाद्वीप के देशों की राजनीति शुरू हुई है। इसी कारण, दक्षिण एशिया के देश इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (इकोनॉमिस्ट समूह का अनुसंधान विभाग) के मानकों के मुताबिक अब भी पूर्ण लोकतंत्र नहीं बन सके हैं। इसमें पाकिस्तान का घाव इसलिए गहरा है, क्योंकि वहां फौज के प्रभाव में ही सरकारें बनती और बिगड़ती हैं।

दरअसल, अपने वजूद में आने के बाद पाकिस्तान की कमान मुख्यत: दो लोगों के हाथों में रही- मोहम्मद अली जिन्ना और लियाकत अली खान। जिन्ना पाकिस्तान के पहले गवर्नर जनरल बने, तो लियाकत अली प्रधानमंत्री। इन दोनों की मौत के बाद इनकी पार्टी मुस्लिम लीग काफी कमजोर हो गई और नेतृत्व का संकट पैदा हो गया। नतीजतन, 1958 तक आते-आते तत्कालीन सेनाध्यक्ष अयूब खान ने सत्ता को अपने कब्जे में ले लिया। मगर वहां जुल्फिकार अली भुट्टो के रूप में एक नया राजनीतिक नेतृत्व भी उभर रहा था, जिसे फौज का विकल्प माना गया। हालांकि, 1970 के चुनाव में भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को सिर्फ 86 सीटें मिलीं, वह भी मुख्यत: पश्चिमी पाकिस्तान में, जबकि उनके खिलाफ मुजीबुर्रहमान की पार्टी अवामी लीग 167 सीटें जीतने में सफल रही। इस तरह, सत्ता अवामी लीग के पास जानी चाहिए थी, लेकिन लोकतंत्र के साथ न्याय नहीं हुआ और पाकिस्तान का बांग्लादेश के रूप में विभाजन हो गया। इसके बाद पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो, तो बांग्लादेश में शेख मुजीबुर्रहमान बड़े नेता के तौर पर उभरे। बांग्लादेश के गठन के बाद पाकिस्तान की वंशवादी राजनीति ने एक नया मोड़ ले लिया। यहां जो भी बड़े राजनीतिक दल रहे, उनको कमोबेश परिवार के लोगों ने ही आगे बढ़ाया। इसमें पहला दल पीपीपी था। जुल्फिकार की विरासत को पहले उनकी बेटी बेनजीर भुट्टो ने संभाला, और जब उनकी हत्या हुई, तो बेटे बिलावल भुट्टो की किशोरावस्था को देखते हुए पति आसिफ अली जरदारी सामने आए। जरदारी 2008 से 2013 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति भी रहे। शहबाज शरीफ की नई सरकार को समर्थन देने के



कारण एक बार फिर उनका राष्ट्रपति बनना तय माना जा रहा है, जबकि बिलावल के पास पीपीपी की कमान है।

कुछ यही हाल दूसरे दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) का रहा है। यह पार्टी ऑल इंडिया मुस्लिम लीग की विरासत को आगे बढ़ाने का दावा करती है, मगर इस पर शरीफ खानदान का दबदबा है। नवाज शरीफ तीन बार देश की कमान संभाल चुके हैं, जबकि उनके भाई शहबाज प्रधानमंत्री बनने से पहले पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। नवाज शरीफ की बेटी मरियम का राजनीतिक कद भी काफी बढ़ चुका है। हालांकि, पनामा पेपर्स मामले में उनका नाम आने के बाद उन्हें हाशिये पर धकेलने की कोशिश हुई, मगर वह नाकाम साबित हुई। मरियम आज पंजाब की मुख्यमंत्री हैं।

एक विकल्प के रूप में वहां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी उभरी जरूर, मगर फौज की कार्रवाइयों ने इस उम्मीद को ध्वस्त कर दिया। हालांकि, यह पार्टी भी अब परिवारवाद में ही अपना भविष्य देखती लग रही है, क्योंकि कौमी असेंबली (संसद) में इसने उमर अयूब को अपना मुखिया चुना है, जो सैन्य तानाशाह अयूब खान के बेटे हैं। संकेत साफ है, पाकिस्तान में सत्ता पाने के लिए फौज का साथ तो चाहिए ही, धन-बल से परिपूर्ण एक राजनीतिक विरासत की भी दरकार है।

वैसे, वंशवादी राजनीति की यह प्रवृत्ति दक्षिण एशिया के तमाम देशों में देखी जाती है। पड़ोसी देश नेपाल की बात करें, तो यहां की राजनीति में 1950 से ही कोइराला परिवार का दबदबा रहा है। यहां भी वामपंथ और समाजवादी विचारधारा के रूप में विकल्प सामने आए, लेकिन वहां के लोगों ने वक्त-वक्त पर कोइराला परिवार पर ही भरोसा किया।

बांग्लादेश में भी दोनों प्रमुख पार्टियों का मौजूदा नेतृत्व परिवारवाद की देन है। अवामी लीग के नेता मुजीबुर्रहमान, जिनको बांग्लादेश का जनक माना जाता है, उनकी बेटी शेख हसीना पांचवीं बार यहां की प्रधानमंत्री बनी हैं। उनके खिलाफ जो बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी है, उसकी कमान खालिदा जिया के पास है, जो बांग्लादेश में सदर रह चुके जियाउर्रहमान की पत्नी हैं। जियाउर्रहमान की हत्या के बाद उन्होंने ही पार्टी की कमान संभाली और देश की प्रधानमंत्री भी बनीं। आज वह बेशक पार्टी अध्यक्ष हैं, लेकिन पार्टी लंदन से उनके बेटे तारिक रहमान चला रहे हैं। मुल्क के बाहर से पार्टी का संचालन भी बांग्लादेश में कमजोर विपक्ष की एक बड़ी वजह है।

रही बात श्रीलंका की, तो वहां भंडारनायके का परिवार एक तरफ है, तो दूसरी तरफ राजपक्षे का परिवार। भंडारनायके का परिवार राजनीति में काफी अरसे से है, जबकि राजपक्षे का कुनबा पिछले दो दशकों से, लेकिन श्रीलंका में एक वक्त ऐसा भी था, जब राजपक्षे परिवार के नौ सदस्य एक साथ सत्ता के विभिन्न अहम पदों पर आसीन थे। कोई प्रधानमंत्री था, तो कोई राष्ट्रपति, कोई सेनाध्यक्ष, तो कोई बड़ा मंत्री। वहां रानिल विक्रमसिंघे और सिरिसेना जैसे विकल्प सामने आए थे, लेकिन वे भी वंशवादी राजनीति से पार नहीं पा सके। यहां भारत को भी अपवाद नहीं माना जा सकता। यहां नेहरू-गांधी परिवार लंबे समय से सत्ता का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है, बेशक अब इसका रुतबा कम होने लगा है।

परिवारवाद पर अक्सर आरोप लगता है कि इससे पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र खत्म हो जाता है, साथ ही, संकीर्ण सोच रखने वाली पार्टियों में इजाफा होने लगता है। दक्षिण एशिया में राजनीति का एक पहलू यह भी है कि परिवारवाद का अक्सर बचाव किया जाता है। हाल ही में लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवार न होने पर कटाक्ष किया था, जिसका जवाब प्रधानमंत्री ने ‘पूरा देश मोदी का परिवार’ का नारा देकर किया है। मतलब दक्षिण एशिया में वंशवाद के पक्ष-विपक्ष में विमर्श का जारी रहना तय है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभिनव पहलः महतारी वंदन योजना

महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने के लिए महतारी वंदन योजना एक कारगर कदम है। प्रदेश की महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा इस योजना की शुरूआत की गई है। गांव से लेकर शहर तक महिलाओ में जबरदस्त उत्साह देखा गया। महिलाओं को इस योजना से प्रतिमाह 1000 रुपए की राशि दी जाएगी। साल में कुल 12 हजार की राशि भी मिलेगी। महिलाएं घर चलाने के साथ-साथ ही घर की बजट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्हें घर की जिम्मेदारियों का निर्वहन करना बखूबी आता है। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक बल मिलेगा और उनके हाथों में एक राशि रहेगी। जिसका उपयोग वे कर सकेंगी।

जगदलपुर शहर के लालबाग निवासी आसमती कश्यप ने स्थानीय हल्बी बोली में बताया कि हम सभी महिलाएं बहुत खुश



है कि उनके खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि आएगी। इसका उपयोग साग-सब्जी तथा अन्य जरूरत के लिए कर सकेंगी। बस्तर की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में छत्तीसगढ़ शासन की यह अनोखी पहल है।

आड़ावाल निवासी स्वाति राव ने कहा कि राशि का उपयोग अपनी जरूरी घरेलू सामान की पूर्ति करने के लिए करेंगी। आड़ावाल की कृष्णादेवी ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

बलौदाबाजार नगर निवासी सुनीता यादव ने कहा सरकार ने प्रतिमाह 1 हजार रूपये देने का वादा किया था वह अब पूरा होने वाला है। आज मैंने महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन कर दी हूं। अब जो पैसा मिलेगा उसका उपयोग बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य खर्चों के लिए करूंगी। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय को महतारी वंदन योजना प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार जताया। इसी तरह कसडोल विकासखण्ड के ग्राम बल्दाकछार के विशेष पिछड़ी जनजाति निवासी तीजबाई कमार ने भी नजदीकी आंगनबाड़ी पहुंचकर महतारी वंदन योजना के लाभ लेने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि मैं दैनिक मजदूरी एवं किसानी कार्य कर पैसा कमाती हूं अब इसके साथ ही मुझे प्रतिमाह 1 हजार रुपये मिलेगा। जो मेरे अतिरिक्त आय का साधन होगा। मै इस पैसे का उपयोग अन्य दैनिक खर्चों में करूंगी। तीजबाई कमार ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। इसी तरह बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम परसाभदेर निवासी स्नेहा पैकरा ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए प्रारंभ की गई योजना महतारी वंदन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी महिलाओं से आवेदन करने की अपील की है।

गौरतलब है की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कैबिनेट ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना का लाभ प्रदेश के मूल निवासी विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यकक्ता महिलाओं को मिलेगा। इस योजना में शामिल होने के लिए परिवार की आर्थिक आय ढाई लाख रुपए से कम वार्षिक रखी गई है। इस योजना का लाभ विवाहित 21 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को मिलेगा। एक हजार रुपए सरकार की ओर से मिलना भी उनके आर्थिक विकास के लिए फायदेमंद साबित होगा। महिलाओं को मिलने वाली इस योजना का लाभ से उनके आर्थिक दशा में सुधार आएगी तथा यदि महिलाये कुछ पैसा बचा सके तो आगामी भविष्य के लिए उसका उपयोग कर सकती है।

**-नूतन सिदार,**
**सहायक संचालक**

# समानता की अर्थव्यवस्था के प्रति मार्ग प्रशस्त कर रही हैं महिलाएं

पिछले दशक में भारत ने महिला श्रम बल भागीदारी दर (डब्ल्यूएलएफपीआर) को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कार्यबल में महिलाओं और विशेष रूप से युवतियों की भागीदारी बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत अधिक है, जो न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करती है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को भी प्रेरित करती है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले दशक में व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलावों, नीतिगत उपायों और महिलाओं के कामकाज के संबंध में सामाजिक मानदंडों में आए बदलावों को दर्शाती डब्ल्यूएलएफपी की वृद्धि संभवत: पिछली सदी में देखी गई वृद्धि से भी अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है।

### महिला श्रम बल भागीदारी के लिए निर्णायक दशक

भारत ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं, जो कार्यबल में महिला-पुरुष संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती हैं। इन प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों की शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भविष्य में उनकी रोजगार की संभावनाओं पर पड़ता है। ये प्रयास कार्यस्थल पर सुरक्षा और विविधता सुनिश्चित करने संबंधी कॉर्पोरेट नीतियों के साथ मिलकर श्रम बाजार में महिलाओं के लिए बाधाओं को दूर करने के संबंध में व्यापक दृष्टिकोण दर्शाते हैं।

आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गई। यह सकारात्मक रुझान राजनीतिक और नौकरशाही (सार्वजनिक), कॉर्पोरेट (निजी) और युवतियों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में, भारत आर्थिक अवसरों के लिए तैयार है, इस सार्वजनिक-निजी-युवा इकोसिस्टॉम को और मजबूत बनाना तथा उच्चतम स्तर पर नीति निर्माण को सूचित करने के लिए युवतियों को समान भागीदार के रूप में शामिल करना महत्वपूर्ण है।

डब्ल्यूएलएफपीआर में सुधार लाने के आलोक में, सरकार, सिविल सोसायटी, उद्योग संघों और बहुपक्षीय एजेंसियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक कार्य बल बनाने की दिशा में एमओएलई के प्रयास सराहनीय हैं। इस कार्यबल की चर्चाओं से प्राप्तब महत्वपूर्ण निष्कयर्ष को ‘महिलाओं के लिए समानता, सशक्तिकरण सुनिश्चित करना’शीर्षक से नियोक्ताओं के लिए परामर्श के रूप में संकलित किया गया है, जो हितधारकों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को सुदृढ़ बनाता है। यह कामकाज के अनुकूल वातावरण, समान वेतन



प्रथाओं और कार्यबल में विशेष रूप से महिलाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करता है।

### बाधाएं दूर करना

काम के लचीले घंटों और बच्चों की देखरेख की सुविधाओं जैसे उपायों की सिफारिश करते हुए इस परामर्श का उद्देश्य श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाली कुछ प्राथमिक बाधाओं को दूर करना है।

निर्माण कार्य में संलग्नू श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों तथा सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों में काम करने वाली महिलाओं के लिए जेंडर न्यूट्रिल क्रेच और महिलाओं के कामकाजी केंद्रों के प्रावधानों के महत्व पर समान रूप से जोर दिया गया है। आवागमन और बच्चों को जन्मक देने से संबंधित सामाजिक बाधाएं दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जो युवतियों के कार्यबल में प्रवेश और पुन:प्रवेश को बाधित करते हैं। परामर्श में चित्रित किए गए संलग्न क्रेच और बुजुर्गों की देखभाल की सुविधाओं युक्तध महिला कामकाजी केंद्रों-छात्रावासों के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण होंगे। इसमें सुरक्षा, संरक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखरेख के प्रावधानों युक्तस विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण, परिवर्तन और विकल्पों के प्रतिनिधि के रूप में युवतियों को विकसित करना और उनके निर्णय लेने की क्षमताओं को मजबूत करना शामिल होगा। सिविल सोसायटी और बहुपक्षीय एजेंसियों की सहायता समुदायों और परिवारों के व्यवहार में बदलाव लाने को बढ़ावा देगी, ताकि वे इन केंद्रों को युवतियों के लिए आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने का स्थान मान सकें।

कोविड-19 के कारण कार्यस्थलों को देखने का हमारा नजरिया बदल रहा है, तथा ज्यातदातर नौकरियां हाइब्रिड और रिमोट प्रारूपमें बदल गई हैं, ऐसे में प्रौद्योगिकी पारंपरिक कार्यस्थल की बारीकियों को खत्म करने में परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। टेलीवर्किंग सुविधाओं सहित महिला-पुरुष सभी के लिए लचीले अवसरों के प्रावधान को इस तथ्य को सुदृढ़ करने के लिए परामर्श में रेखांकित किया गया है कि देखभाल एक सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और महिलाओं को खुद पर पड़ने वाले देखभाल के असंगत बोझ के कारण रोजगार से बाहर नहीं हो जाना चाहिए।

ये घटनाक्रम महिलाओं के व्यापपक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रगतिशील, हालांकि चुनौतीपूर्ण, मार्ग सुझाते हुए, इन लाभों को बरकरार रखने और संवर्धित करने के लिए निरंतर नीतिगत फोकस और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हैं।

### महिलाएं शतक लगाएंगी

भारत कामकाजी लोगों की अधिक आबादी के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश के शिखर पर है, ऐसे में महिला कार्यबल की क्षमता का पता लगाना सामाजिक न्याय और रणनीतिक आर्थिक अनिवार्यता का मामला है। समाज के सभी क्षेत्रों के ठोस प्रयासों के साथ एमओएलई का परामर्श कार्रवाई का खाका पेश करता है।

आगे की यात्रा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसका प्रतिफल-आर्थिक सुदृढ़ता, सामाजिक कल्याण और मानव सामर्थ्य की पूर्ति-पहुंच के भीतर हैं, जो वैश्विक मंच पर भारत की उन्नति के प्रयास को न केवल आवश्यक बल्कि अनिवार्य बनाता है।

इन सिफारिशों को अपनाकर और डब्ल्यूएलएफपीआर को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों के लिए प्रतिबद्ध होकर भारत समावेशी सामाजिक एवं आर्थिक समानता और अपने सभी नागरिकों के उज्जवल भविष्य की दिशा में रास्ता निर्धारित कर सकता है। India@100 के लिए आर्थिक विकास का नेतृत्व करने वाले ‘नायक’ वास्तव में सक्षम नारियां हैं।

**-धुवाराखा श्रीराम, यूनिसेफइंडिया में युवाह की प्रमुख**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन
के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110


# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### जिले के अलग- अलग विद्यालयों में कुल 7 जगह दिया गया न्योता भोज

**रायपुर।** जिले में कई शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के बच्चों को चांवल, दाल पूड़ी-सब्जी, खीर, लड्डू, नमकीन और फल जैसे अन्य व्यंजनो के साथ न्योता भोज दिया गया। तिल्दा विकासखण्ड से क्रमशः शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला बेमता में भरत लाल वर्मा, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला बेल्दार सिवनी शान्ति निर्मलकार, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला केवतरा में रामनाथ वर्मा एवं ट्विंकल वर्मा ने, शासकीय प्राथमिक शाला मानाबस्ती भाठापारा में स्थानीय जनपद सदस्य सुनीता लेखु बैस ने न्योता भेज दिया। इसी प्रकार विकासखण्ड आरंग से शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व शाला जरौद, कलई में राघवेंद्र साहू ने अपने सुपुत्री कुमारी प्रेरणा साहू के जन्मदिवस पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज के साथ बच्चों को पेन वितरण किया।बच्चों ने सभी को जन्मदिन की बधाईयां प्रेषित की और धन्यवाद दिया। न्योता भोज देने वाले गणमान्यों के साथ स्कूल के अध्यापक/अध्यापिकागण ने मिलकर बच्चों को भोजन परोसा और उनके साथ में ही वें सभी बच्चों के साथ भोजन किए। बच्चों ने निर्मल मन से सभी को जन्मदिन की शुभकामनाएँ और धन्यवाद दिया। ग़ौरतलब है कि कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप हमारा प्रदेश सुपोषित और विकसित हो इसके लिए प्रदेश के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के साथ न्योता भोज का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि जब बच्चों के पास समाज के विभिन्न वर्गों के लोग आते हैं, तो बहुत ही खुशी होती है। समाज के सभी वर्गो एवं शहर वासियों से आग्रह किया है कि उनके जीवन में जब भी कोई महत्वपूर्ण तिथि, अवसर हो तो उसे स्कूली बच्चों के साथ सेलीब्रेट करें।

### बहुभाषा शिक्षण पर आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यशाला

**रायगढ़।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशन व जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ व जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा रायगढ़ के कुशल प्रबंधन में प्राथमिक स्तर पर बहुभाषा शिक्षण के लिए सेजेस नटवर विद्यालय रायगढ़ में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। रायगढ़ में प्रमुख रुप से छत्तीसगढ़ी, सम्बलपुरी तथा कुड़ुख जैसे स्थानीय प्रचलित भाषाओं को शिक्षण में बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नवाचार किए जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आगामी समय में छत्तीसगढ़ी भाषा एवं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय भाषाओं को प्रारंभिक कक्षाओं के पाठ्यक्रम में शामिल करने की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसी तत्वाधान में शिक्षा विभाग रायगढ़ के द्वारा संविधान की धारा 350-क में वर्णित अनुच्छेद के अनुपालन में जिले के भीतर प्रत्येक भाषायी वर्गों के विद्यार्थियों को प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की पर्याप्त सुविधाओं के लिए व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। कक्षा एक और दो के लिए स्थानीय भाषानुरुप पाठ्यवस्तु तैयार किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में बहुभाषा के तथ्य, बहुभाषी शिक्षण सिद्धांत, स्थानीय भाषाओं में वार्तालाप पुस्तिका, शब्दकोश, फ्लैश कार्ड, छोटी कहानियों पर आधारित चित्रकथा निर्माण तथा अन्य सहायक शिक्षण सामग्री पहचान के गुर प्रशिक्षकों द्वारा सिखाया गया। स्थानीय बोलियों में पढ़ाई की व्यवस्था के लिए अवधारणात्मक समझ तथा प्रक्रिया पर परस्पर अंत:क्रिया संवाद द्वारा गहन चर्चा किया गया।

### राजिम कुंभ कल्प हो रहा प्रासंगिक

# राजिम कुंभ कल्प में पहुंच रहे साधु-संत

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजिम में आयोजित कुंभ कल्प में संत समागम के दौरान राम चरित मानस की चौपाई 'मुद मंगलमय संत समाजू, जो जग जंगम तीरथराजू' की प्रासंगिकता को उपस्थित जनसमूह ने साक्षात्कार किया। जब त्रिवेणी संगम के तट पर बने विशाल मंच पर देशभर के संतों का आगमन हुआ। यूं भी संत और तीरथ एक दूसरे के पर्याय हैं। संत के बिना किसी तीरथ का और तीरथ के बिना किसी संत का महत्व नहीं रह जाता। राजिम अपने आप में एक तीर्थ के सामान स्थापित है। जिसकी धरा से निकलने वाली श्रद्धा और आस्था के लिए यहां आने वाले हर श्रद्धालुओं को साकारात्मक गतिज और ऊर्जा से भर देती है।



साथ ही त्रिवेणी संगम की स्वर लहरियों के साथ जब भगवान श्री राजीव लोचन की आरती में बजने वाली घंटे-घड़ियाल की आवाज के साथ ताल में ताल मिलकर मग्न होकर नाचती है, उस अलौकिक भावना के भाव का साक्षातकार बहुत ही कम लोगों को ही मिल पाता है, जिसकी जितनी श्रद्धा भाव होते हैं, उसे उसी भाव से उस अलौकिक आनंद की अनुभूति होती है।

संगम तट पर बने मंच पर कुंभ कल्प में आयोजित संत समागम में भाग लेने आए देशभर के साधु-संत महात्माओं के स्वस्ति वाचन से पूरा कुंभ धर्म और आस्था की त्रिवेणी में डूबकी लगाने से नहीं रोक सके। संतों ने राजिम कुंभ में पहुंचकर भगवान श्रीराजीव लोचन एवं राजिम के पवित्र भूमि के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार माना कि उन्हें छत्तीसगढ़ की इस पवित्र भूमि में भगवान श्री राजीव लोचन के दर्शन लाभ का सौभाग्य मिला। साथ ही राजिम की भूमि अपने संत पुत्रों को अपने सानिध्य में पाकर स्वयं को आनंदित होने से नहीं रोक पाई। उस क्षण में वेद मंत्रों से निकलने वाली आनंदित तरंगों का अहसास उपस्थित संपूर्ण जन समुदाय ने महसूस किया। तभी जन समुदाय ने उद्घोष करते हुए अपने आनंद के साक्षात्कार का जय-जयकार किया। इस क्षण के साक्षी उपस्थित विशाल जनसमूह।

राजिम कुंभ कल्प के संत समागम परिसर में बने डोम में प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, सत्संग, भजन, कीर्तन, साधु-संत और महंतो के द्वारा किया जा रहा है। संतो के सानिध्य में राजिम नगरी पावन तीर्थ बना है जहां अनेक ज्ञानी महात्माओं के दर्शन और उनके आशीर्वाद मिल रहे हैं। राजिम मेले में आएं श्रध्दालु उनके अमृत वचनो का लाभ ले रहें है। पंडित अश्वनी शर्मा ने भक्त और भगवान के बीच मधुर संबंध का वर्णन करते हुए कहा की बिना श्रध्दा और भक्ति के भव से पार नही हों सकते।

आध्यात्म से ही मानव मन को आत्मिक आनंद की प्राप्ति हो सकती है। निष्काम कर्म करते हुए उच्च नैतिक गुणों से युक्त होकर हृद्य में शुध्द भाव रखकर मानवता के कल्याण के कार्य करते रहना चाहिए। दीन-दुखी गरीब असहाय और जरूरतमंद की सेवा करने से भगवान प्रसन्न होते है। परमात्मा किसी भी रूप में हमारे सम्मुख आ जाते है। जरूरत है, तो अंर्तमन से उनके दिव्य रूप को महसूस करने की। संसारिक मोह माया में जब तक लिप्त रहेंगे तब तक कही भी शुकुन नहीं मिलेगा। अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए आत्मा को परमात्मा से जोड़ कर रखना चाहिए और मन वचन और कर्म से सात्विक रहकर सभी से मधुर व्यवहार कर सहयोग समन्वय और सामंजस्य स्थापित करना चाहिए मन के कुविचार को त्याग कर जो सच्चे मन से भगवान को याद करतें है उनकी वे प्रार्थना अवश्य सुनते है। सिर्फ कुछ मांगने के लिए ही ईश्वर की अराधना नही करनी चाहिए। अलौकिक आनंद को प्राप्त करने के लिए हर पल ईश्वर का सुमीरन करते रहना चाहिए तभी भक्त और भगवान के बीच रिश्ते मजबूत होतें है। राजिम कुंभ कल्प में संत समागम परिसर में सहज योग के अभ्यास की प्रदर्शनी लगी है जहां तनाव शारीरिक, मानसिक भावनात्मक व्याधियो की मुक्ति के लिए एवं पारिवारिक जीवन में सुख शांति एवं सामंजस्य स्थापित करने के लिए सहजयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बताया गया कि सहजयोग करने के लिए कुछ भी छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। आत्म साक्षात्कार के द्वारा ही हम जीवन की विविध चुनौतियो को पार कर सकते है। इसके लिए ध्यान करना अति आवश्यक है। छत्तीसगढ़ में सहजयोग ध्यान के केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, धमतरी, जगदलपुर, राजिम और भी अन्य स्थान पर है। राजिम कुंभ में 8 मार्च महाशिवरात्रि तक सहजयोग केंद्र में आकर इसका लाभ मेलार्थी ले सकते है।

प्रदर्शनी में बताया गया कि माताजी निर्मलादेवी की मानवता को एक महान देन हैं। सहजयोग यह आत्मज्ञान को प्राप्त करने की अत्यंत सरल एवं सहज ध्यान-पध्दति है। यह परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति से जुड़ने का एकमात्र सरल एवं सिध्द मार्ग है। अधिकतर लोग जानते हैं कि परमात्मा का निवास हमारे अंदर है, परन्तु बहुत कम लोगों ने इसका अनुभव किया है। परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति का प्रतिबिम्ब कुण्डलिनी के रूप में हर व्यक्ति के मेरूदंड (रीढ़ की हड्डी) के निचले छोर पर स्थित पवित्र त्रिकोणाकार अस्थि में सुप्तावस्था में विद्यमान है, इस ईश्वरीय शक्ति के जागृत होने पर मानव को सुंदर एवं सृजनात्मक व्यक्तित्व, उत्तम स्वास्थ, तथा परमात्मा द्वारा पथ-प्रर्दशन प्राप्त हो जाता है, और परिणामत: मानव तनाव रहित जीवन, नि:स्वार्थ प्रेम एवं आनंद की स्थिति में आ जाता है।

सहजयोग से हम स्वयं के आंतरिक तंत्र को जान सकते है और आंतरिक तंत्र को समझकर सकारात्मक परिवर्तन ला सकते है। सर्वागीण विकास एवं संतुलित जीवनयापन भ्रष्टाचार, दुराचार एवं अनैतिकता रहित समाज के निर्माण के लिये आध्यात्मिक जीवन के परम लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सहज योग आज के आधुनिक जीवन सैली में बहुत आवश्यक है। इससे तनाव रहित जीवन तथा तनाव से उत्पन्न होने वाले रागों से मुक्ति मिलती है। दुर्व्यसनों से स्वत: छुटकारा आनंदमय, शांतिपूर्ण जीवन की प्राप्ति चित्ता की एकाग्रता, स्मरणशक्ति की प्रबलता, सृजन शक्ति का विकास आत्मविश्वास में वृध्दि एवं स्व-निर्णय लेने की क्षमता का विकास सर्वसामान्य गृहस्थ जीवन बिताते हुये गहन आध्यात्मिक अवस्था की प्राप्ति होती है। हम आप सभी को इस अद्वितीय ध्यान-योग पध्दति को पाने एवं अनुभव करने के लिए सादर आमंत्रित करते हैं।

# बेटों को महिलाओं की इज्जत करना सिखलाना होगा - डॉ. किरणमयी नायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के महिला प्रभाग द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में महिला जागृति आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। विषय था- महिला सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक परिवर्तन। समारोह में बोलते हुए राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती डॉ. किरणमयी नायक ने कहा कि बेटा और बेटी में भेद करके बेटियों को कमजोर बनाने की सदियों से चली आ रही परम्परा को बन्द करें।



इस बदलाव की शुरूआत अपने घर से करनी होगी। जब तक यह भेदभाव करना खत्म नहीं करेंगे महिलाएं खुशहाल नहीं बन सकती है। आज जरूरत है कि हम बेटियों को दुर्गा के रूप में संस्कारित करें। बेटों को बेटियों की तरह और बेटियों को बेटों की तरह पालना शुरू करें। बेटों को महिलाओं की इज्जत करना सीखलाएं। जब घर में वह महिलाओं की इज्जत करना सीखेंगे तब वह बाहर जाकर महिलाओं का सम्मान करेंगे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। फिर भी भारतीय समाज में महिलाओं को दूसरा दर्जा दिया जाता है इसके लिए महिलाएं स्वयं ही दोषी हैं। हम यह न सोचें कि बेटों से वंश आगे चलेगा क्योंकि यदि बहु ही नहीं होगी तो सृष्टि में उत्पत्ति कैसे होगी? घर में बेटी पैदा होने पर बहु को तंग न करें। हम बदलेंगे तो जग बदलेगा। ब्रह्माकुमारी संस्थान की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी ने कहा कि नारी परिवार की धूरी है। वह घर को स्वर्ग बनाने वाली और बच्चों को सुसंस्कारित करने वाली है। आदिकाल से नारी पूज्यनीय और वन्दनीय रही है।

आजकल वह भले ही आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से सशक्त हुयी है किन्तु अध्यात्म से दूर होने के कारण उसके अन्दर सहनशीलता, नम्रता और मधुरता जैसे सद्गुणों की कमी हो गयी है। आध्यात्मिकता को अपनाने से हमें समस्याओं का सामना करने की शक्ति मिलती है। राजयोग के अभ्यास से आत्मा का सम्बन्ध परमात्मा से जोड़कर उनसे शक्तियाँ प्राप्त कर महिला फिर शिवशक्ति बन सकती है। जिला पंचायत रायपुर की अध्यक्ष श्रीमती डोमेश्वरी वर्मा ने कहा कि महिला ईंट और गारे के मकान को घर बनाती है। बच्चों को शिक्षित और संस्कारित कर वह घर, परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण में सहयोग करती है। शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है। माताओं पर यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षा बच्चों को कुमार्ग पर गिरने नहीं देगा और संस्कार उसे डूबने नहीं देगा। पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज की भूतपूर्व डीन डॉ. आभा सिंह ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से आशय उसके सर्वांगीण विकास से है। डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि किसी समाज की प्रगति के बारे में जानना हो तो उस समाज की महिलाओं को देखो।

उसके बारे में जान लेने से समाज की स्थिति का पता चल जाएगा। समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई महिलाएं हैं। इस पुरूष प्रधान समाज में महिलाओं की शिक्षा से लेकर शादी तक सब कुछ पुरूष ही तय करता है। इसमें पुरूष और स्त्री दोनों की समान भागीदारी जरूरी है। दायित्व निर्वाह करने के चक्कर में बेटियों की जल्दी शादी नहीं करनी चाहिए।

## कृषि उत्पादक संगठन एवं सहकारी समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कृषि उत्पादक संगठन एवं सहकारी समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में हुआ। कार्यशाला में राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड द्वारा जिले में गठित 75 प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समिति (पैक्स) को शीड डीलरशिप प्रदाय किया गया। साथ ही हिन्दुस्तान इंसेक्टीसाइड लिमिटेड (एचआईएल) द्वारा 10 पैक्स एवं 3 एफपीओ को कीटनाशक की डीलरशिप दी गई।

कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि उत्पादकता को बढ़ावा दिया जाएं। साथ ही ऑनलाइन बिक्री वाले उत्पाद के गुणवत्तापूर्ण होने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि उत्पाद के पैकेजिंग व प्रचार-प्रसार भी बेहतर ढ़ंग से किया जाए। उत्पादों का परिवहन समय-सीमा के भीतर ही सुनिश्चित की जाए। बेहतर मैनेजमेंट से ही नागरिकों में उत्पादक के प्रति विश्वास कायम होता है।

कार्यशाला में ओपन नेटवर्क एवं डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के बारे में कृषि उत्पादक संगठन व सहकारी समितियों को जानकारी दी गई। इसके नेटवर्क के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यशाला में नए कृषि उत्पादकों ने नेटवर्क मैनेजमेंट को बेहतर तरीके से समझा और अपनी शंका दूर किया।

# जिले के 21 युवाओं का अग्निवीर के लिए हुआ चयन

## चयनित युवाओं में दिखा देशभक्ति का जज्बा, रायपुर जिले के 2 हजार युवाओं के पंजीयन का लक्ष्य

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए युवाओं में अपार उत्साह है। वर्ष 2023 के अग्निवीर भर्ती के परिणाम हाल ही में घोषित किए गए है। जिसमें रायपुर जिले के 21 युवाओं का चयन किया गया है। चयनित युवाओं को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया गया। चयनित युवाओं को स्कूलों व ग्राम पंचायतों में पहुंचकर युवाओं को उत्साह वर्धन करने और अधिक से अधिक युवाओं को ऑनलाईन पोर्टल में भर्ती के लिए फॉर्म जमा कराने का आग्रह किया।

गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के युवाओं को जांजगीर-चांपा में हुए भर्ती प्रक्रिया के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। साथ ही मार्गदर्शन भी दिया गया था। और उन्हें भर्ती संबंधित पूरी



जानकारी प्रदान की गई थी।

रायपुर जिले के तिल्दा तहसील के ग्राम चांपा निवासी 20 वर्षीय श्री प्रशांत वर्मा का भारतीय थल के अग्निवीर के लिए चयनित किया गया है। प्रशांत ने कम उम्र में ही अग्निवीर भर्ती में सफलता हासिल कर ली है। वे बताते हैं कि लगभग दो साल से वे अग्निवीर भर्ती के लिए तैयारी कर रहे थे। उन्हें गांव के लोग ही भर्ती में शामिल होने के लिए हौंसला देते थे और प्रेरित करते थे। साथ ही उन्हें लंबे समय से फौज में भर्ती होकर देश सेवा का जुनून था। परिवार के लोगों को भी प्रशांत से काफी उम्मीद थी और कड़ी मेहनत एवं लगन की वजह से प्रशांत को सफलता मिली।

तिल्दा ब्लॉक के ग्राम सरफोंगा निवासी सुनील निषाद का भी चयन अग्निवीर भर्ती में भारतीय थल सेना में चयन हुआ है। सुनील बताते हैं कि वे लंबे समय से सेना में भर्ती के लिए काफी मेहनत कर रहे थे। गांव में ही दिन-रात फिजिकल टेस्ट के लिए अभ्यास करते थे और साथ ही निजी संस्था से मार्गदर्शन भी प्राप्त कर रहे थे। चयनित युवाओं और उनके परिवार में काफी हर्ष का माहौल है। प्रशांत और सुनील ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया। थल सेना में अग्निवीर के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित किए गए है। युवाओं के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 मार्च तक है। शासन द्वारा रायपुर जिले के लिए 2 हजार युवाओं का पंजीयन कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर के पंजीयन के लिए सर्व नगरीय निकाय, नगर पालिक निगम रायपुर व बीरगांव, जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, प्राचार्य पॉलिटेक्निक, सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालय व सभी शासकीय व अशासकीय आई.टी.आई. के प्राचार्यों को युवाओं से पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन कराने के लिए लक्ष्य दिया गया है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### राजधानी रायपुर में 09 मार्च को किसानों का महाकुंभ, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह होंगे शामिल

कृषि मंत्री नेताम ने साइंस कॉलेज मैदान में तैयारियों का लिया जायजा

**रायपुर।** कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने 09 मार्च को राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित किसानों का महाकुंभ (किसान प्रशिक्षण सह-सम्मेलन) कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कृषि मंत्री नेताम ने इस मौके पर चर्चा में कहा कि हमारी सरकार किसान हितैषी सरकार है। किसानों के विकास के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटियों को पूरा कर गरीबों, महिलाओं और किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के दिशा में निरंतर कार्य रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 09 मार्च को प्रदेश स्तरीय किसान प्रशिक्षण सह-सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसे किसान महाकुंभ का नाम दिया गया है। इस कार्यक्रम में देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्री नेताम ने कहा कि कार्यक्रम के लिए जोरशोर से तैयारियां चल रही है। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए है। मंत्री नेताम ने निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण सह-सम्मेलन में आने वाले किसानों के लिए बैठक व्यवस्था, गाड़ियों के लिए पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ बिजली, पानी, भोजन आदि की व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए है। इस मौके पर वन मंत्री केदार कश्यप सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रेरा ने दिया प्रोजेक्ट 'किंग्सटाउन' डूंडा को आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) द्वारा मेसर्स नवभारत ड्वेलिंग्स प्रा.लि., विसी इन्फ्राक्कर प्रा.लि., रोहित श्रीवास्तव के प्रोजेक्ट 'किंग्सटाउन', डूंडा, जिला-रायपुर को मकान का निर्धारित अवधि में अनुबंध निष्पादित नहीं करने के कारण शिकायतकर्ताओं को 45 दिवस के भीतर मकान का आधिपत्य और अनुबंध विलंब अवधि की ब्याज राशि प्रदान करने का आदेश दिया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के समक्ष आवेदकगण विनीत रामटेक एवं उदय रामटेके, निवासी-फ्लैट नं.-बी-1, ए-202, गोल्डन टॉवर, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा अनावेदकगण (1) मेसर्स नवभारत ड्वेलिंग्स प्रा.लि. (2) विसी इन्फ्राक्कर प्रा.लि., (3) रोहित श्रीवास्तव के प्रोजेक्ट 'किंग्सटाउन', डूंडा, जिला-रायपुर (छग) के विरूद्ध शिकायत प्रस्तुत की गई है। आवेदकगण एवं अनावेदकगण के मध्य 02 जुलाई 2013 को अनुबंध निष्पादित किया गया है। अनुबंध की शर्तों अनुसार आवेदकगण द्वारा संपूर्ण विक्रय प्रतिफल का भुगतान कर दिया गया है। कंपनी द्वारा मकान का आधिपत्य देने की अधिकतम अवधि 31 जुलाई 2016 तक निर्धारित थी। अनावेदक द्वारा अपूर्ण मकान का विक्रय विलेख पंजीयन 20 मार्च 2022 को निष्पादित कराया गया है, किन्तु अपूर्ण मकान को पूर्ण कराकर आधिपत्य प्रदान नहीं करने के कारण क्षुब्ध होकर प्राधिकरण (रेरा) के समक्ष शिकायत प्रस्तुत किया गया।

आवेदकगण के शिकायत पर प्राधिकरण द्वारा उभय पक्षों की सुनवाई की गई। इस तारतम्य में प्रकरण पर परिशीलन करते हुये लगभग 04 माह की अल्प अवधि में ही प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सदस्य द्वारा आज 06 मार्च 2024 को आदेश पारित कर आवेदक पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय प्रदान किया गया, जिसमें अनावेदकगण 45 दिवस के भीतर प्रश्नाधीन भू-संपदा जी-28 का निर्माण पूर्ण कर आधिपत्य आवेदकगण को उपलब्ध कराने आदेशित किया गया।

# नई शिक्षा नीति से गुणवत्तापूर्ण शिक्षायुक्त मानव क्षमता होगी विकसित: शिक्षा मंत्री अग्रवाल

## शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने 15 सदस्यीय स्पेशल टॉस्क फोर्स बनाने की दी सलाह

- विद्यार्थियों के अंदर अन्वेषण तथा शोध कार्यो को मिलेगा बढ़ावा
- युवाओं में तार्किक क्षमता संवर्धन के साथ उनका सर्वांगीण विकास होगा
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में शिक्षा मंत्री हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर एक दिवसीय कार्याशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मंत्री अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी के विशेष सहयोग से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न होने जा रहा है, तथा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा कार्य करने की सुदृढ़ नींव स्थापित हो रही है। केन्द्रीय शासन एवं मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छत्तीसगढ़ प्रदेश के उच्च शिक्षा में लागू करने की दृढ़ संकल्पित योजना के क्रियान्वयन की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर प्रदेश के युवाओं के स्वर्णिम भविष्य निर्माण होगा, जो प्रदेश शासन का लक्ष्य है। जहां नई शिक्षा नीति द्वारा युवाओं में कौशल विकास, शोध एवं नवाचार में विकास कर उन्हे स्वावलंबन बनाना हमारा संकल्प है। प्रदेश के ऑटोनामस महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 विगत सत्रों से लागू किया जा चुका है। जिसके सफलतापूर्वक संचालन से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे है। आगामी सत्रों से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चरणबद्ध योजनांतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। जिससे प्रदेश के उच्च शिक्षा में विकास करते हुए, उत्कृष्ट शिक्षा स्थापित किया जा सकेगा तथा प्रदेश के युवाओं का बेहतर भविष्य निर्मित किया जा सकेगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को राज्य में लागू करने के लिए 15 सदस्यीय स्पेशल टॉस्क फोर्स बनाने की सलाह दी।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किये जाने से युवाओं में तार्किक क्षमता संवर्धन के साथ उनका सर्वांगीण विकास होगा। एनईपी में प्रावधानित एकाधिक प्रवेश एवं एकाधिक निकास की सुविधा से युवाओं को परिस्थिति एवं आवश्यकतानुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने का विकल्प मिलेगा। ग्रेड आधारित निरंतर मूल्यांकन जिसमें एक अहम हिस्सा आंतरिक मूल्यांकन के होने से विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षा के तनाव से मुक्ति मिलेगी, जो सकल दर्ज अनुपात संवर्धन हेतु प्रभावशाली भी होगा। उच्च शिक्षा में सूचना प्रौद्योगिकी के व्यापक विस्तार से प्रदेश के युवाओं की पहुंच वैश्विक स्तर तक की हो जाएगी। यह उच्च शिक्षित युवा पीढ़ी प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

शिक्षा मंत्री अग्रवाल ने कहा कि उच्च शिक्षा, मानव और समाज कल्याण हेतु सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्तमान में भारत विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है एवं सबसे अधिक युवा जनसंख्या भी भारत देश में ही है। भारत देश को युवाओं के आधार पर 21वीं सदी का विकसित देश बनाने के लिये उच्च शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सकल दर्ज अनुपात (जीईआर), गुणवत्तायुक्त शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, उच्च शिक्षा में अनुसंधान इत्यादि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जारी किया गया है, जिसको छत्तीसगढ़ राज्य में पूरी तरह लागू किया जाना हैं।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 6 मार्च 2024 को रायपुर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें अन्य राज्यों के राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विशेषज्ञ तथा सीमांत राज्यों के अधिकारीगण, जिनके द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू किया गया है, उनके द्वारा अनुभव को साझा किया गया। इस कार्यशाला में स्वागत उद्बोधन उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर प्रसन्ना द्वारा दिया गया। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल, महात्मा गांधी हार्टिकल्चर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आरएस कुरील, उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव मोनिका एस गर्ग, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी एवं छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग के सदस्य डॉ. के सुब्रमण्यम ने राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की संभावनाओं पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

इस महत्वकांक्षी एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन में राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के 21 कुलपति, 25 कुल सचिव एवं 8 स्वशासी एवं 33 अग्रणी एवं 08 स्वशासी महाविद्यालयों के प्राचार्यों सहित 50 से अधिक शिक्षाविद् के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में उच्च शिक्षा आयुक्त शारदा वर्मा द्वारा समस्त अतिथियों एवं प्रतिभागियों को आभार ज्ञापित किया गया।

### बच्चों के जीवन और भविष्य का सुरक्षा कवच है टीकाकरण

## टीबी, हेपटाइटिस, न्यूमोनिया सहित 12 गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण है जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शिशुओं के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण सबसे प्रभावी तरीका है। टीकाकरण नवजात शिशुओं के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है साथ ही बचपन में होने वाली कई जानलेवा बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावशाली तरीका है। उप संचालक एवं राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ व्हीआर भगत ने बताया कि टीकाकरण बच्चे के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत बनाता है और उन्हें विभिन्न बीमारियों से लड़ने की शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य में 11 प्रकार के वैक्सीन लगाये जा रहे हैं जिनसे 12 प्रकार के गम्भीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाव होती है।

जन्म से लेकर 05 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा 10 एवं 16 वर्ष के किशोर-किशोरियों को लगाए जाने वाले ये सभी टीके सभी शासकीय अस्पतालों एवं टीकाकरण केंद्रों में नि:शुल्क लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों का टीकाकरण किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया हो, वे अपने मितानिन या फिर नजदीकी शासकीय अस्पताल से संपर्क कर टीकाकरण अवश्य कराएं।

### भंडारण का e-VIN पोर्टल के माध्यम से किया जाता है मॉनिटरिंग

राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ भगत ने बताया कि प्रदेश में वैक्सीन के सही रख-रखाव हेतु आवश्यक समस्त उपकरण उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से सभी टीकों की उपलब्धता एवं उनका रख-रखाव सुनिश्चित किया जाता है। राज्य में स्थित कोल्ड चेन सिस्टम में वैक्सीन के लिए आवश्यक तापमान बनाये रखने सतत् निगरानी की जाती है। जिसके तहत प्रति दिन हर हाल में दो बार कोल्ड चेन सिस्टम का तापमान रिकार्ड किया जाता है। कोल्ड चेन पॉइंट्स तक उपलब्ध प्रत्येक उपकरण में टेम्प्रेचर लॉगर लगा हुआ है जो उपकरण के निर्धारित तापमान से ऊपर या नीचे होने पर तुरंत सम्बंधित अधिकारी और कोल्ड चेन हैंडलर को SMS के माध्यम से सूचना दे देता है। जिससे किसी भी वैक्सीन को समय रहते खराब होने से बचाया जा सके। राज्य स्तर से लेकर सत्र स्थल तक प्रत्येक स्तर पर कोल्ड चेन मेंटेन किया जाता है एवं सतत् निगरानी की जाती है। कोल्ड चेन एवं वैक्सीन के रख-रखाव से सम्बंधित डाटा की e-VIN पोर्टल के माध्यम से भी मॉनिटरिंग की जाती है। कोल्ड चेन स्टोरेज में प्रतिदिन (छुट्टी के दिन में भी) नियमित रूप से दिन में दो बार उपकरण के तापमान को संबंधित कोल्ड चेन हैंडलर द्वारा रिकॉर्ड किया जाता है। इसके अलावा टेंपरेचर लॉगर द्वारा 24X7 तापमान की निगरानी होती है। विशेष परिस्थिति जैसे 8 घंटे से अधिक लाईट ना होने अथवा कोई तकनीकी खराबी होने की स्थिति में ही वैक्सीन को अन्य कोल्ड चेन पॉइंट्स में ट्रांसफर किये जाने की आवश्यकता पड़ती है। इस प्रकार से किसी भी परिस्थिति में कोल्ड स्टोरेज का आवश्यक रख-रखाव किया जाता है जिससे उच्च गुणवत्तापूर्ण सभी टीकों की सही समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

### आवश्यक निश्चित तापमान में वैक्सीन ट्रांसपोर्ट हेतु कोल्ड बॉक्स का उपयोग

वैक्सीन को राज्य वैक्सीन स्टोर से सभी जिलों तक आवश्यक निश्चित तापमान में रखकर ट्रांसपोर्ट करने हेतु कोल्ड बॉक्स का उपयोग किया जाता है। इसके लिए राज्य में पर्याप्त मात्रा में कोल्ड बॉक्स उपलब्ध है। वैक्सीन रखने के पहले आइस पैक रखकर कोल्ड बॉक्स के तापमान को 2 से 8 डिग्री के मध्य मेंटेन किया जाता है जिसके पश्चात् ही उसमे वैक्सीन रखा जाता है। जिन वैक्सीन स्टोर में बड़े उपकरण जैसे वाक-इन-फ्रीजर या वाक-इन-कूलर लगे हैं उनमें पावर बैक-अप के लिये जनरेटर लगाये गये हैं।

## अधोसंरचना विकास के लिए नगरीय निकायों को 56.23 करोड़ रुपए आबंटित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना विकास के लिए प्रदेश के 30 नगरीय निकायों को कुल 56 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपए जारी किए हैं। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने अधोसंरचना मद से नगरीय निकायों को ये राशि आबंटित की है। विभाग ने राज्य के छह नगर निगमों के लिए 20 करोड़ चार लाख 94 हजार रुपए, चार नगर पालिकाओं के लिए सात करोड़ 61 लाख आठ हजार रुपए और 20 नगर पंचायतों के लिए 28 करोड़ 57 लाख 17 हजार रुपए जारी किए हैं।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना विकास कार्यों के लिए रायपुर नगर निगम के लिए 26 लाख रुपए, रिसाली नगर निगम के लिए पांच करोड़ रुपए, बिलासपुर नगर निगम के लिए चार करोड़ छह लाख 96 हजार रुपए, रायगढ़ नगर निगम के लिए एक करोड़ 38 लाख 30 हजार रुपए, अंबिकापुर नगर निगम के लिए दो करोड़ 84 लाख 38 हजार रुपए और चिरमिरी नगर निगम के लिए छह करोड़ 49 लाख 30 हजार रुपए आबंटित किए हैं। विभाग द्वारा अहिवारा नगर पालिका के लिए तीन करोड़ नौ लाख आठ हजार रुपए, बेमेतरा नगर पालिका के लिए दो करोड़ 55 लाख रुपए, सक्ती नगर पालिका के लिए एक करोड़ 87 लाख रुपए एवं मनेंद्रगढ़ नगर पालिका के लिए दस लाख रुपए की राशि जारी की गई है।

## राजिम कुंभ कल्प में विदेशों से भी पहुंच रहे पर्यटक: फ्रांस से पहुंचे दंपत्ति ने भव्य राजिम कुंभ का किया दर्शन

### स्थानीय सभ्यता, संस्कृति और धरोहर को देख हुए अभिभूत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** वदेशों से भी लोगों का राजिम कुंभ आना हो रहा है। छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज धर्म नगरी राजिम में 24 फरवरी से प्रारंभ हुए राजिम कुंभ कल्प मेला में प्रदेश सहित देश एवं विदेशों से भी सैलानी पहुंच रहे हैं।

राजिम कुंभ के पहले दिन पोलैंड से विदेशी पर्यटक पहुंचे थे। मंगलवार को फ्रांस देश से दंपत्ति भी राजिम कुंभ मेले में शामिल हुए। वे राजिम कुंभ के भव्य आयोजन को देखकर काफी खुश नजर आए। मीडिया से चर्चा के दौरान फ्रांसिस दंपत्ति ब्रोनो और पास्कल ने बताया कि वे दो माह के लिए भारत भ्रमण पर आए हुए हैं। राजिम कुंभ कल्प में घूमने आए हैं। उन्होंने बताया कि वे यहां की संस्कृति, सभ्यता और धरोहर को देखकर भाव-विभोर हो गए। राजिम कुंभ पहुंचकर उन्होंने साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा चलाए जा रहे भंडारे में भगवान राजीव लोचन व राजिम माता प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर भंडारे में आए हुए लोगों को भोजन प्रसाद का भी वितरण किया। फ्रांसीसी दंपत्ति ने बताया कि यहां के लोगों के आत्मिय भाव और संस्कृति से काफी प्रभावित हुए। यहां आकर काफी अच्छा लग रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# फिल्म देवरा से जाह्नवी कपूर की नई झलक आई सामने




बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी पहली साउथ फिल्म 'देवरा' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इसमें वह साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के अपोजिट नजर आएंगी। जाह्नवी कपूर की 27वां बर्थडे के खास मौके पर 'देवरा' के मेकर्स ने फिल्म से उनका फर्स्ट लुक शेयर किया है। इसके साथ ही उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दी है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर 'देवरा' नाम के अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया गया है, जिसमें जाह्नवी कपूर के लुक की झलक दिखाई गई है। तस्वीर में एक्ट्रेस साड़ी पहने हुए ट्रेडिशनल अवतार में नजर आ रही हैं। जाह्नवी कपूर ने माथे पर बिंदी लगाई है। इसके अलावा गले में चोकर और कानों में खूबसूरत ईयररिंग्स ने उनके लुक पर चार चांद लगा रहे हैं।

मेकर्स ने 'देवरा' से जाह्नवी कपूर का लुक शेयर करते हुए उन्हें बर्थडे विश भी किया है। कैप्शन में लिखा, 'हमारी प्यरी थंगम जाह्नवी कपूर को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।' जाह्नवी कपूर की पहली साउथ फिल्म 'देवरा' का टीजर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ था, जिसमें जूनियर एनटीआर एक्शन अवतार में नजर आए थे। अब फैंस इसके ट्रेलर लॉन्च का इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में जूनियर एनटीआर ने 'देवरा' फिल्म के नए पोस्टर की झलक दिखाई थी, जिसके साथ ही उन्होंने बताया कि फिल्म इस साल 10 अक्टूबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में विलेन कोई और नहीं बल्कि सैफ अली खान हैं। फिल्म से उनका लुक भी सामने आ चुका है।

जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' के अलावा जाह्नवी कपूर राम चरण की मूवी 'आरसी 16' में भी नजर आएंगी। इसके अलावा जाह्नवी कपूर के पास 'उलझ' और 'मिस्टर एंड मिसेज माही' जैसी फिल्में भी हैं।

# माइक्रोवेव के जिद्दी दाग साफ करने में हो जाती है हालत खराब, तो ये 5 टिप्स बचाएंगे आपकी मेहनत

टेक्नोलॉजी ने जहां हमारी लाइफ को आसान बनाने का काम किया है, तो दूसरी ओर हमारा काम भी बढ़ा दिया है। माइक्रेवव अवन के कारण आज हर कोई अपने घर में आराम से बेकिंग, ग्रिलिंग और रोस्टिंग कर एक से बढ़कर एक फूड्स का आनंद ले रहा है। लेकिन इन्हें बनाते हुए अवन में जो दाग-धब्बे लगते हैं, उन्हें साफ करना भी एक बड़ा टास्क होता है। अगर इन दागों को वैसे ही छोड़ दिया जाए, तो धीरे-धीरे यह अवन की गुणवत्ता और खाने के स्वाद पर भी असर डालने लग जाते हैं। दूसरी ओर गंदे अवन किचन की शोभा बढ़ने के बजाय और घटाने लग जाते हैं। अगर आप भी उनमें से हैं, जो अवन की गंदगी साफ करने के लिए खूब मशक्कत करते हैं, तो यहां दिए गए टिप्स आपके लिए ही हैं, जिनकी मदद से आप अवन को गंदा या मेस्सी होने से रोक सकते हैं। माइक्रोवेव साफ करने के लिए आसान टिप्स-



## एल्युमीनियम फॉयल का इस्तेमाल करें

ओवन में खाने को फैलने से रोकने के लिए एल्यूमीनियम फॉइल का इस्तेमाल करना एक प्रभावी तरीका है। ऐसे दो तरीके हैं जिनसे आप इसका उपयोग कर सकते हैं। सबसे पहले, आप ओवन के निचले रैक को एल्युमीनियम फॉइल की शीट से पैक कर सकते हैं। इससे ऊपर से टपकने वाली खाने की चीज को नीचे फैलने से रोकने में मदद मिलेगी, जिससे अवन के निचले हिस्से को गंदा होने से रोका जा सकेगा। दूसरा तरीका यह है कि खाने को सीधे इससे ढक दिया जाए। ऐसा करने से खाना अपनी जगह पर रहेगा और लीक नहीं होगा।

## बेकिंग ट्रे का इस्तेमाल करें

एल्युमिनियम फॉयल खत्म हो गया है, तो बेकिंग ट्रे का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। लसग्ना, पुडिंग जैसे डिशेज काफी भारी होते हैं और बेकिंग ट्रे आसानी से गिरे हुए भोजन को इकट्ठा करने में मदद करती है। यदि आप नीचे एल्यूमीनियम फॉइल रखते हैं, तो हो सकता है कि यह उसे संभाल न सके और शायद फट भी जाए। इसलिए खाने के मुताबिक फॉयल या ट्रे का इस्तेमाल करें।

## खाना बहुत ज्यादा मात्रा में न भरें

एक और चीज जो हममें से ज्यादातर लोग अक्सर करते हैं वह है बेकिंग ट्रे में जरूरत से ज्यादा सामान भर देना। लोग सारा खाना एक ही बार में पकाना पसंद करते हैं। लेकिन, अगर आप इसे ओवन में फैलने से रोकना चाहते हैं तो कोशिश करें कि बेकिंग ट्रे में जरूरत से ज्यादा सामान न भरें, ऐसा करने से खाना पकाने की प्रक्रिया पर असर कम पड़ेगा और इसके छलकने की संभावना भी कम हो जाएगी।

## ओवन लाइनर का इस्तेमाल करें

ओवन लाइनर एक हीट रेसिस्टेंट शीट है, जिसे आप ओवन में रख सकते हैं। इसका इस्तेमाल करने के लिए ओवन के निचले हिस्से में रखें। यह किसी भी खाने के टुकड़े या ग्रीस के छींटों को आसानी से अब्सॉर्ब कर लेगा और ओवन को बेदाग रखेगा। अगर ओवन लाइनर नहीं मिल पा रहा है, तो आप कुकी शीट का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## सही तापमान पर बेक करें

अगर खाना सही तापमान पर पक रहा हो, तब भी अवन पर कम दाग लगने की संभावना रहती है। अक्सर, हम रेसिपी में बताए गए तापमान को नजरअंदाज कर देते हैं और इसे अपने हिसाब से सेट कर लेते हैं। यही कारण है कि खाना ओवन में फैल जाता है। तापमान को हमेशा रेसिपी में बताए अनुसार ही सेट करें।



# फिल्म लव सेक्स और धोखा 2 से अलग हुई एक्ट्रेस निमृत कौर

लव सेक्स और धोखा 2 में अभिनय करने वाली एक्ट्रेस निमृत कौर ने फिल्म से अपना हाथ खींच लिया है। ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि एक्ट्रेस ने यह कदम फिल्म की मांग वाले बोल्ड सीन के चलते लिया। इंडस्ट्री के एक सूत्र ने कहा कि समय के साथ-साथ फिल्म की कहानी बोल्ड होती जा रही थी, जिससे एक्ट्रेस को यह किरदार निभाना पड़ा, लेकिन बाद में वह स्क्रिप्ट की मांग के साथ असहज महसूस कर रही थीं।

सूत्र ने कहा, फिल्म में बोल्ड सीन के चलते निमृत कौर ने लव सेक्स और धोखा 2 में अपनी भूमिका छोड़ दी है। टेलीविजन रियलिटी शो बिग बॉस में एकता कपूर ने फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर निमृत कौर को साइन किया था।

सूत्र ने आगे बताया, जैसे-जैसे फिल्म की जरूरतें बोल्ड और अधिक कामुक होती गई, एक्ट्रेस को यह भूमिका छोड़नी पड़ी, क्योंकि वह अंतरंग दृश्य करने में सहज नहीं थीं।

फिल्म के निर्माताओं ने हाल ही में एक कामुक पोस्टर जारी किया था। यह डिजिटल दुनिया के आधुनिक युग में रिश्तों पर आधारित अपनी दिलचस्प कहानी की पहली झलक देता है। यह फिल्म 2010 की स्लीपर हिट लव सेक्स और धोखा का सीक्वल है, यह खोसला का घोसला और ओए लकी लकी ओए के बाद दिबाकर की तीसरी निर्देशित फिल्म है। लव सेक्स और धोखा 2 एकता कपूर और शोभा कपूर द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी।

# ग्रीन मिडी ड्रेस में शहनाज गिल ने बिखेरा जलवा, फैंस हुए दीवाने

शहनाज गिल सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय हैं और आए दिन एक्ट्रेस अपनी सिजलिंग पोस्ट से फैंस के छक्के छुड़ाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं जोकि सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा रही हैं। शहनाज ने ग्रीन कलर की मिडी ड्रेस पहनी है। लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज दे रही हैं।



शहनाज की हॉटनेस ने यूजर्स को दीवाना बना दिया है और वे उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं। शहनाज को आखिरी बार भूमि पेडनेकर के साथ थैंक्यू फॉर कमिंग फिल्म में देखा गया था। उनके फैंस उनके आगामी प्रोजेक्ट के बेसब्री के साथ इंतजार कर रहे हैं।

शहनाज भी अपने फैंस को कभी निराश नहीं करती और उनके साथ अकसर तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। शहनाज का क्यूट अंदाज फैंस को खूब भा रहा और वे शहनाज की सादगी पर फिदा हो रहे हैं। बताते चलें कि शहनाज के फैंस को उनकी ये सादगी खूब भा रही है। लोग एक्ट्रेस के इस हॉटनेस पर खूब रिएक्शन दे रहे हैं।

# खतरनाक हो सकता है लिपस्टिक का ज्यादा इस्तेमाल हेल्थ के लिए है नुकशानदायक



लिपस्टिक न सिर्फ रंग बदलती है, बल्कि महिलाओं की मुस्कान में भी चमक लाती है। यह खूबसूरती का वह टुकड़ा है जो हर महिला के मेकअप किट में मिल जाएगा। चाहे कोई औपचारिक बैठक हो या फिर कोई त्यौहार, लिपस्टिक हर मौके पर महिलाओं की सुंदरता को निखारती है। इसके अलग रंग और शेड्स हर त्वचा टोन को सूट करते हैं, जिससे हर महिला अपने पसंद के हिसाब से चुनती हैं। पर क्या आप जानते हैं कि लिपस्टिक का ज्यादा इस्तेमाल हमारी हेल्थ के लिए ठीक नहीं है।

इसमें मौजूद कुछ खतरनाक रसायन हमें नुकसान पहुंचा सकते हैं। आज हम ऐसे ही कुछ खतरों के बारे में बात करेंगे और साथ ही यह भी जानेंगे कि कैसे हम सेफ लिपस्टिक का उपयोग कर सकते हैं। तो चलिए जानते हैं कि लिपस्टिक के ज्यादा इस्तेमाल से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं और हम उनसे कैसे बच सकते हैं।

**लिपस्टिक लगानें से हो सकती है बीमारियां:-** लिपस्टिक लगाना तो हम सभी को अच्छा लगता है, पर क्या आप जानते हैं कि इसमें कुछ हानिकारक रसायन होते हैं जैसे कि पारा, लेड, और कैडमियम, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बिलकुल भी अच्छे नहीं हैं। इन रसायनों के कारण हमें कई तरह की बीमारियां हो सकती हैं।

**होंठ पड़ सकते हैं काले:-** अगर हम बहुत ज्यादा लिपस्टिक लगाते हैं, तो हमारे होंठ सूख सकते हैं और फट भी सकते हैं। इससे एलर्जी, होंठों का रंग बदलना और चेहरे पर अन्य त्वचा सम्बन्धी समस्याएं भी हो सकती हैं। लंबे समय तक लिपस्टिक लगाने से होंठों का रंग गहरा हो सकता है, जिसे फिर से पहले जैसा बनाना मुश्किल होता है। और जब हम खाना खाते हैं, तो लिपस्टिक के कुछ हिस्से हमारे शरीर के अंदर भी जा सकते हैं, जिससे पेट में समस्या हो सकती है। इसलिए, लिपस्टिक का इस्तेमाल करते समय थोड़ी सावधानी बरतनी चाहिए।

**कैंसर जैसी हो सकती है बीमारियां:-** बहुत सारी लिपस्टिक में कुछ ऐसे तत्व होते हैं जो कैंसर पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा, लिपस्टिक में मौजूद कुछ रसायन, जिनका इस्तेमाल इसे लंबे समय तक ताजा रखने के लिए किया जाता है, वे भी खांसी, आंखों में जलन, सांस लेने में दिक्कत जैसी एलर्जी और दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। और हां, कुछ मामलों में तो ये कैंसर का कारण भी बन सकते हैं। इसलिए, लिपस्टिक चुनते समय सावधानी बरतें और इसके इस्तेमाल को लेकर जागरूक रहें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# निष्पक्ष और भयरहित निर्वाचन के लिए सक्रियता और आपसी समन्वय से कार्य करें : रीना बाबासाहेब कंगाले

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए राज्य में कार्यरत सभी इनफोर्समेंट एजेंसीज की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में दिसम्बर-2023 में राज्य में संपन्न हुए विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण में इन एजेंसीज द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की।




बैठक में अधिकारियों को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए ईएसएमएस (Election Seizure Management System) एप और पोर्टल पर काम करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पी.एस. ध्रुव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बैठक में सभी इनफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को राज्य में प्रलोभनरहित, निष्पक्ष, निर्बाध एवं भयरहित निर्वाचन के लिए आपसी समन्वय से सक्रियतापूर्वक काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एजेंसीज को आपस में बेहतर तालमेल, संवाद और सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित करते हुए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का कार्य प्रभावी तरीके से करने निर्देशित किया। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के दौरान नगदी, शराब, मादक पदार्थों, कीमती वस्तुओं और फ्रीबीज के परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने इस संबंध में की गई जब्ती और कार्रवाई की रिपोर्ट प्रतिदिन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय प्रेषित करने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद सभी इनफोर्समेंट एजेंसीज को सतर्क और सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एजेंसीज को अपने टोल-फ्री नम्बर एक्टिव करने के साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए पर्याप्त मानव संसाधन तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर-राज्यीय सीमा पर स्थित परिवहन विभाग के सभी चेक-पोस्ट्स पर कैमरा लगाने निर्देशित किया। श्रीमती कंगाले ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए इनफोर्समेंट एजेंसीज द्वारा गठित टीमों की कार्रवाई के दौरान नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका भी ख्याल रखें। उन्होंने बैठक में विगत विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान इनफोर्समेंट एजेंसीज द्वारा की गई जब्तियों की जिलेवार और एजेंसीवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एजेंसीज को पिछले निर्वाचनों तथा विगत छह महीनों में हुई जब्तियों की समीक्षा और अध्ययन कर जिलों की सेंसिटीविटी निर्धारित करते हुए कार्ययोजना तैयार कर लोकसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय का अनुवीक्षण करने के निर्देश दिए।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के प्रभारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने बैठक में इनफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए तैयार किए गए ईएसएमएस एप और वेब पोर्टल पर काम करने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने इनफोर्समेंट एजेंसीज द्वारा की गई जब्तियों और कार्रवाई की जानकारी एप और पोर्टल पर दर्ज करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। समीक्षा बैठक में पुलिस, आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग, सीजीएसटी, डीआरआई, एनसीबी, सीआरपीएफ सीआईएसएफ आरपीएफ भारतीय विमानन प्राधिकरण, राज्य विमानन विभाग, राज्य कर (एसजीएसटी), भारतीय डाक विभाग, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया और स्टेट लेवल बैंकिंग कमेटी के नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## खास खबर

### महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन में मददगार होगी महतारी वंदन योजना

**कांकेर।** राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए लागू की गई महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जल्द ही हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण कर दिया जाएगा। कांकेर जिले की महिलाओं ने भी अंतिम सूची में नाम आने के बाद अपनी खुशी जाहिर की है और प्रदेश सरकार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिले के कांकेर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम धनेलीकन्हार की महिलाएं श्रीमती चमेली तारम, ललिता नायक और श्रीमती जानकी रावटे ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत सभी ने आवेदन किया था और अंतिम पात्रता सूची में सभी का नाम आया है। महिलाओं ने बताया कि हमारा परिवार आजीविका के लिए खेती-किसानी पर निर्भर है, अब योजना से मिलने वाले राशि का उपयोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए करेंगी। श्रीमती चमेली तारम और जानकी रावटे ने बताया कि महतारी वंदन योजना की राशि मिलने पर परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी और परिवार का आर्थिक बोझ भी कम होगा। श्रीमती ललिता नायक ने कहा कि योजना के तहत राशि मिलने पर अपने बच्चे के पढ़ाई-लिखाई में खर्च करेगी। इसी तरह गांव की ही जय माँ गायत्री स्व सहायता समूह में 10 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और समूह की चार महिलाएं मिलकर अपने परिवार के जीविकोपार्जन के लिए साप्ताहिक बाजार में छोटा सा अस्थायी दुकान लगाती हैं। महिलाएं बड़ा, समोसा और भजिया बनाकर बेचने का कार्य करती हैं और इससे प्राप्त आय से परिवार के खर्च में थोड़ी मदद मिल जाती है।

### विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन

**राजनांदगांव।** कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में 3 से 4 माह की अवधि का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अंतर्गत सहायक इलेक्ट्रीशियन, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र), प्लंबर-जनरल, हाथ की कढ़ाई करने वाला, घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, मेसन जनरल कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी सोमनी-सांकरा राजनांदगांव में संचालित किया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए इछुक हितग्राही अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में करा सकते हैं।

### सूर्यमुखी एवं सरसों फसल की समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का किया गया निरीक्षण

**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ द्वारा डॉ.एस.आर.के.सिंह, निदेशक, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान, जोन-9, जबलपुर एवं डॉ.अजय वर्मा, निदेशक विस्तार सेंवाये, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निर्देशन एवं डॉ. बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम-बोन्दा, नवापारा व डभरा विकास खण्ड-पुसौर, खरसिया, बरमकेला में सरसों फसल किस्म-डी.आर.एम.आर.-150 तथा एच.आर.-725 की 60 हेक्टेयर एवं सूर्यमुखी किस्म-एन.एस.एफएच.-145 की 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल में समूह अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लिया गया है। फसल के निरीक्षण हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा गठित निरीक्षण दल डॉ.एम.एल.शर्मा, प्राध्यापक, कृषि महाविद्यालय, रायपुर, डॉ. नवनीत राणा, प्राध्यापक, महासमुन्द एवं डॉ.रोशन परिहार, सहायक प्राध्यापक, बी.टी.सी. कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, बिलासपुर द्वारा 5 मार्च 2024 को किया गया।

# मुख्यमंत्री साय ने सिकलसेल से जूझ रहे आयुष और आयुषि की सहायता के लिए बढ़ाया हाथ



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** सिकल सेल की गंभीर बीमारी से जूझ रहे दो मासूम बच्चों को बीमारी से राहत दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पहल की है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की चिरायु शाखा पीड़ित बच्चों के स्वास्थ्य की जांच में जुटी है। जिले के कांसाबेल तहसील के खूंटीटोली की निवासी दुर्गावती चौहान अपने दोनों बच्चे आयुष चौहान 5 वर्ष और आरूषि चौहान 2 वर्ष को लेकर बगिया स्थित सीएम कैम्प पहुंची थी। यहां उन्होंनें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बताया कि उनके दोनों बच्चे सिकलसेल से पीड़ित हैं। उन्हें लगातार दवा और रक्त की जरूरत पड़ती है। लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से, इलाज में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीएम साय ने दुर्गावती की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए,सीएमएचओ डॉ. आर.एस. पैंकरा को पीड़ित बच्चों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिए है।

चिरायु के नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द रात्रे ने बताया कि सिकलसेल जन्म से होने वाली अनुवांशिक बीमारी है। उन्होंनें बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश का पालन करते हुए सिकलीन पीड़ित दोनों बच्चों को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराया जा रहा हैं। रोग विशेषज्ञ चिकित्सक की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सिकलसेल मुक्त भारत बनाने के लिए केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत जिले में सिकलसेल की जांच की जा रही है। उन्होंनें बताया कि सिकलसेल से जूझ रहे मरीजों को प्राथमिक राशन कार्ड, दिव्यांग प्रमाण पत्र उपलब्ध करा, सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। बच्चों को रक्त की जरूरत होगी तो उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जाएगा।

### शत-प्रतिशत श्रमिकों को मिले शासन की योजनाओं का लाभ: श्रम मंत्री

# मंत्री ने दिए सख्त निर्देश लंबित आवेदनों का 15 दिन में निराकरण करें

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा है कि प्रदेश के शत-प्रतिशत श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। श्रमिकों के हित को प्राथमिकता में लेते हुए संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। जिससे श्रमिकों के जीवन स्तर में बेहतर सुधार हो सके। उक्त बातें श्रम मंत्री देवांगन ने विभागीय काम-काज की समीक्षा बैठक में कही। बैठक नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सभाकक्ष में आयोजित थी। बैठक में श्रमायुक्त एवं सहसचिव अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की सचिव सविता मिश्रा, अपर श्रम आयुक्त एस. एल जांगड़े सहित जिलों से आए श्रम विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

श्रम मंत्री देवांगन ने बैठक में लंबित मामलों का 15 दिवस के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश के कुछ जिलों में श्रमिकों के पंजीयन फार्म को निरस्त कर दिया गया है। श्रमिको से अन्य जरूरी दस्तावेज लेकर पंजीयन की प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी कर ली जावे। अधिकारीगण यह सुनिश्चित करें कि हितग्राही को शासन की योजना का लाभ मिले। दस्तावेज की कमी को आधार बनाते हुए हितग्राही को वापस न लौटाया जाए। श्रमिक बहुल क्षेत्रों में मोबाईल कैम्प लगाकर मजदूरों का पंजीयन करने की प्रक्रिया पूर्ण करें। मजदूर बिना पंजीयन के किसी भी साईट में काम ना करें। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि 15 दिवस के भीतर जिलेवार योजना की समीक्षा की जाए और यदि इसके बाद ही योजना के क्रियान्वयन में प्रगति नहीं आई तो इसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

मंत्री देवांगन ने कहा कि श्रमिकों के लिए किफायती दर पर शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जा रही है। अधिकारी अन्नपूर्णा दाल-भात केन्द्रों का निरीक्षण करें और वहां जाकर स्वयं भोजन कर इसकी गुणवत्ता को भी परखें। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में राज्य में 22 स्थानों पर दाल-भात केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं। इसके अलावा और अन्य 22 स्थानों पर दाल-भात केन्द्र शुरू करने के लिए एमओयू किया गया है। मंत्री ने बैठक के दौरान महतारी जतन योजना, नोनी बाबू छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी पात्र श्रमिक परिवारों को इसका लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें।

### जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं का हुआ शुभारंभ

**दंतेवाड़ा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं खेल व युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताएं 6 मार्च को भव्य रूप से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के माध्यम से विकसित छत्तीसगढ़ विकसित भारत के लिए समस्त महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। नारी शक्ति हम सबके जीवन में मां, बहन, बेटी, पत्नी, बहू होती है, जिनके बिना हम अधूरे होते है। स्त्री है, तो संसार है,उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथियों जिला पंचायत सदस्य रामूराम नेताम एवं गीदम जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक ने कहा कि भारत में कई ऐसी दिग्गज महिलाएं हैं जो वर्तमान में अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही हैं। खेल जगत से लेकर राजनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा से लेकर प्रशासनिक सेवा क्षेत्र में समान अधिकारों के साथ कार्यरत हैं।

# कलेक्टर के समक्ष हुआ भारतीय मानक ब्यूरो का कार्यशाला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के रायपुर शाखा के दल ने कार्यशाला किया। रायपुर शाखा के बीआईएस प्रमुखसुमित कुमार ने एसपीओ सचिन कुमार और एसपीसी विकास मृधा के सहयोग से पीपीटी प्रस्तुतीकरण में बताया कि किसी भी वस्तु का गुणवत्ता उसके क्वालिटी, क्षमता, गुण के आधार पर तैयार होता है, जिसमें मानक के रूप में निर्धारण किया जाता है। सभी विभाग को उपकरण, मशीन, उत्पाद आदि की खरीदी के समय भारतीय मानक दर का उपयोग कर किया जाना चाहिए। केन्द्र और राज्य और जिला प्रशासन के अधीन मानक दर निर्धारण के लिए अलग-अलग स्तर पर जांच दल, विभाग, एजेंसी होते हैं, जो जांच करते हैं।

श्री सुमित कुमार ने बताया कि पानी के बोतल से लेकर हर एक उत्पाद में चिपके या प्रिन्टेड जानकारी से उस उत्पाद के मानक के बारे में जानकारी प्राप्त किया जा सकता है। यदि कोई उत्पाद आईएस मार्क है तो वह नंबर, प्रतीक आदि से उत्पाद के साथ जुड़ा होगा। यदि कोई गहने का दुकानदार बिना मार्क और मार्क वाले गहनों के बीच ज्यादा अंतर बताता है तो यह गलत है। मार्क और बिना मार्क के गहने के बीच 40 रूपए का अंतर होता है। इसी प्रकार गहने में मार्क के साथ वर्तमान में 6 नंबर अंकित होगा। व्यवसायी कोई पदार्थ में भारतीय मानक ब्यूरो से यदि रजिस्ट्रेशन नहीं किया है और मार्क का उपयोग कर रहा है तो वह मानक कानून के तहत आरोपी होगा। सुमित कुमार ने कहा कि सभी विभागों से जुड़े उत्पाद, उपकरण आदि के लिए मानक तय है और उत्पादों के लिए केन्द्र सरकार ने जांच के लिए विभाग भी तय कर रखे हैं।

# महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-खेल मंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बुधवार को यहां दशहरा मैदान बलौदाबाजार में आयोजित सशक्त नारी समागम कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 184 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जिसमे स्वास्थ्य विभाग से 10, शिक्षा विभाग से 17, महिला एवं बाल विकास विभाग से 21, समाज सेवा क्षेत्र से 7, सशक्त नारी 7, स्वच्छ भारत मिशन से 22 तथा करीब 100 खिलाड़ी शामिल हैं। इसके साथ ही विभिन्न योजना के हितग्राहियों को सामग्री वितरण एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 6 लोगों को 4-4 लाख रुपये के मान से 24 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।




मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है। जिसके फलस्वरूप सबका भरोसा हम पर कायम है। महिला सशक्तिकरण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है जिसे ध्यान में रख कर लगातार महिलाओं को मजबूत करने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक भारत को विकसित बनने के विजन को साकार करने के लिए हम सबको मोदी जी का साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि अब गांव-गांव में महतारी सदन बनेगा जिसमें समूह की महिलाएं बैठक या अन्य कार्यक्रम आसानी से कर सकेंगी। पहले चरण में बलौदाबाजार के 40 गांव में महतारी सदन का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जल्द ही जिला खेल के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़ेगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि नारी कैसे आगे बढ़े इसके लिए महिला समूहों का गठन किया गया है। अब महिलाएं केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खाता के माध्यम से महिलाओं को बैंक से लेनदेन शुरू करने की पहल की है। अब महिलाएं बेहिचक बैंक जा रही हैं। घर-घर शौचालय निर्माण कराकर महिला सम्मान बढ़ाने का काम किये हैं। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ महिलाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कम दाम में गैस सिलेंडर देने की बात को भी हमारी सरकार बहुत जल्द अमलीजामा पहनाएगी। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना की राशि की पहली किश्त अगले कुछ दिनों में महिलाओं के खाते में अंतरित कर दी जाएगी। हर माह एक हजार रुपया मिलेगा। जिससे दैनिक खर्च के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण कार्य में लगा पाएंगी। हमारी सरकार बहुत तेजी से घोषणाओं को पूरा कर रही है। अब छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बहने वाली है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कलेक्टर के.एल. चौहान, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, जनपद उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, विजय केशरवानी, अशोक जैन, टेसू लाल धुरंधर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित थी।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किड्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# कपड़ा धोने से मना किया तो पत्नी को मार डाला, पति ने कैंची से किया गले पर वार

**रायपुर (ए)।** रायपुर में बीते 24 घंटे में दो अलग-अलग वारदातों में दो महिलाओं की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। खरोरा इलाके में कपड़ा धोने से मना करने पर पति ने पत्नी गले पर कैंची से वार कर दिया। हमले घायल महिला को पड़ोसियों अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



जानकारी के मुताबिक तीजन बाई देवांगन (34) का पति यज्ञबल देवांगन से आए दिन विवाद होता रहता था। सुबह पति बोला कि तुम कपड़े धो दो तो तीजन बोली मैं कपड़ा धोने यहां नहीं आई हूं, जिसको कपड़ा धोना हो खुद धो ले। इस बात से पति को तेज गुस्सा आ गया। उसने घर पर रखे कैंची से उसके गले में मार दिया, जिससे कैंची गले में धंस गई। लहूलुहान पत्नी को पड़ोसियों ने CSC खरोरा में भर्ती कराया था।

बताया जा रहा है कि तीजन बाई आरोपी की दूसरी पत्नी थी। पहली पत्नी सरस्वती की 2019 में लीवर की बीमारी से मौत हो गई। उसके बाद इसे 2020 में उसने तीजन से शादी की थी। दूसरी पत्नी से एक लड़का भी है।

बताया जा रहा है कि आरोपी यज्ञबल देवांगन ढाबा में खाना बनाने का काम करता है। वहीं तीजन घर पर ही पेटीकोट कढ़ाई बुनाई का काम करती थीं। खरोरा थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने कहा कि अपराध पंजीकृत कर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पुलिसकर्मी पत्नी की गला काटकर हत्या

वहीं दूसरी घटना रायपुर के विधानसभा इलाके में हुई थी यहां किसी अज्ञात हत्यारे ने पुलिसकर्मी की पत्नी की गला काटकर हत्या कर दी। घटना का खुलासा भी बुधवार को हुआ। जानकारी के मुताबिक, महिला जॉली सिंह का पति शिशुपाल सिंह सुकमा में पदस्थ है। वह डॉग हैंडलर का काम करता है। उसकी पत्नी रायपुर के आमासिवनी की पुलिस कॉलोनी में रहती थी। बुधवार को शिशुपाल ने अपनी पत्नी को कॉल किया, लेकिन वो कॉल रिसीव नहीं कर रही थी। इसके बाद शिशुपाल ने पड़ोसियों को फोन कर घर जाने के लिए कहा। पड़ोसियों ने घर जाकर देखा, तो बाहर से ताला लगा हुआ मिला। विधानसभा थाना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और ताला तोड़कर घर के अंदर घुसी, तो महिला की लाश संदिग्ध हालत में मिली।

# दुर्ग में डबल मर्डर: देर रात घर में घुसकर दादी-पोती की हत्या, दोनों के सिर पर कुल्हाड़ी से किया गया वार

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के गनियारी गांव में बुधवार देर रात डबल मर्डर की घटना सामने आई है। घर में घुसकर सो रहे दादी और उसकी पोती की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। वारदात के वक्त दोनों घर पर अकेले थे। सुबह परिवार के लोग जब पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई। सूचना मिलने पर दुर्ग पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। मामला पुलगांव थाना क्षेत्र का है।



यहां गनियारी गांव में राजबती साहू (62) और उसकी पोती सविता साहू (17) दोनों साथ रहते थे। पास में ही उनके परिवार के दूसरे सदस्यों का भी घर है। सविता 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। दोनों के सिर पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार किया गया है।

जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पोती की लाश कमरे में नीचे फर्श पर पड़ी मिली वहीं दादी का शव बरामदे में मिला है। राजबती साहू के गांव में चार घर हैं जहां इनके चारों बेटे अलग-अलग मकानों में रहते हैं। इनका परिवार मुख्य रूप से खेती-किसानी से जुड़ा है।

हत्या के मामले की जानकारी मिलते ही दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला सहित एएसपी, सीएसपी और क्राइम की टीम मौके पर पहुंची है। मामले की जांच की जा रही है।

# गाड़ी की टक्कर से लकड़बग्घे की मौत वन विभाग ने किया अंतिम संस्कार



**कोंडागांव (ए)।** कोंडागांव जिले के फरसगांव में अज्ञात गाड़ी की टक्कर से नर लकड़बग्घे की मौत हो गई। फरसगांव के आदर्श विद्यालय के सामने सड़क किनारे लकड़बग्घे की खून से लथपथ लाश मिली। राहगीरों की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची और मृत लकड़बग्घे को फरसगांव डिपो में लाया गया।

जांच और पंचनामे के बाद पशु विभाग के डॉक्टर ने लकड़बग्घे का पोस्टमॉर्टम किया। इसके बाद डिपो में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है।

### जंगली जानवर खाने-पानी की तलाश में करते हैं रिहायशी इलाकों का रुख

वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि घटते जंगल और गर्मी के कारण वन्यप्राणी पानी की तलाश में भटकते हुए रिहायशी इलाकों में आ जाते हैं। इस वजह से वे कभी सड़क दुर्घटना तो कभी शिकारियों का निशाना बन जाते हैं।

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 1159/NIT-34/2023-2024/व ले लि दिनांक : 05.03.2024

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 13.03.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 18.03.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक

निविदा खोलने की तिथि : 19.03.2024 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.मे) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 34 T0281 | लोकसभा निर्वाचन 2024 (बेमेतरा विधानसभा) के लिए स्ट्रांग रूम का निर्माण कार्य | 5.00 3750.00 |
| 34 T0282 | लोकसभा निर्वाचन 2024 (साजा विधानसभा) के लिए स्ट्रांग रूम का निर्माण कार्य | 5.00 3750.00 |
| 34 T0283 | लोकसभा निर्वाचन 2024 (नवागढ़ विधानसभा) के लिए स्ट्रांग रूम का निर्माण कार्य | 5.00 3750.00 |
| 34 T0284 | लोकसभा निर्वाचन 2024 (बेमेतरा विधानसभा) के लिए मतगणना कक्ष का निर्माण कार्य | 5.00 3750.00 |
| 34 T0285 | लोकसभा निर्वाचन 2024 (साजा विधानसभा) के लिए मतगणना कक्ष का निर्माण कार्य | 5.00 3750.00 |
| 34 T0286 | लोकसभा निर्वाचन 2024 (नवागढ़ विधानसभा) के लिए मतगणना कक्ष का निर्माण कार्य | 5.00 3750.00 |
| 34 T0287 | लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कृषि उपज मंडी बेमेतरा के मैदान का समतलीकरण कार्य | 5.00 3750.00 |

निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

जी-08332/3

# ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर 6.25 लाख के जेवरात की चोरी

**जांजगीर (ए)।** ज्वेलरी दुकान के शटर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। चोरी गए जेवरात की कीमत 6 लाख 25 हजार रुपए बताई जा रही है। घटना 4 मार्च की रात नगर के निर्मल ज्वेलर्स की है। पुलिस के अनुसार सक्ती नगर के वार्ड नंबर 14 पुरेन्हापारा रोड निवासी अनिल अग्रवाल की निर्मल ज्वेलर्स नाम से दुकान संचालित होती है। 4 मार्च की रात को करीब 8.30 बजे दुकान बढ़ाने के बाद वे अपने घर आ गए। दूसरे दिन सुबह 6 बजे जब वह उठा तो देखा कि उसके घर की गली का दरवाजा टूटा था। बाहर ज्वेलरी दुकान के पीछे के शटर का ताला भी टूटा और शटर खुला मिला था। दुकान का ताला टूटा और शटर खुला होने से चोरी की आशंका होने पर अनिल अग्रवाल दुकान के अंदर गया तो पता चला कि ज्वेलरी काउंटर से 30-35 सोने की फुली गायब थी, जिसकी कीमत 1 लाख 35 हजार रुपए बताई गई है। इसके अलावा चांदी की पायल, हाथ पोछनी, बाजूबंद, कमरबंद, बेल्ट, जुड़ापीन, चाबी छल्ला, लच्छा व चांदी का अन्य सामान लगभग 7-8 किलो किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चांदी के सामानों की कीमत 4 लाख 49 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## कार्यालय, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुण्डरदेही, जिला - बालोद (छ.ग.)

E-mail - bmogunderdehi@yahoo.com Ph. No. : 0788-2628142

कमांक/स्था./2023-24/452 गुण्डरदेही, दिनांक- 01/03/2024

### -:निविदा आमंत्रण सूचना:-

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि विकासखण्ड-गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.) के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-गुण्डरदेही, अर्जुन्दा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-भरदाकला, खुरसुनी, सांकरी, सिरसिदा, कुरदी, माहुद (बी), कलंगपुर, रनचिरई, बेलौदी, गुरेदा में राज्य शासन के नियमानुसार प्रसूति महिला एवं भर्ती मरीजों को नाश्ता एवं भोजन प्रदाय हेतु उक्त निविदा महिला स्व-सहायता समूह, अलाभकारी संस्था, भोजनालय एवं केटरर्स व अन्य फर्मों से मोहरबंद निविदायें जीवित पंजीकृत संस्थाओं से आंमत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी सम्बन्धित संस्था के कार्यालय से कार्यालयीन अवधि में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिये रू.-1000.00 (एक हजार रूपये) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिये रू.-500.00 (पांच सौ रूपये) की राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट NRHM FUND MAIN ACCOUNT BLOCK GUNDERDEHI के नाम से जमा कर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुण्डरदेही से अतिम तिथि तक प्राप्त कर सकते हैं । प्राप्त निविदा प्रपत्र को मुहरबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही जमा किया जाना होगा ।

| क्र0 | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि | 21.03.2024 शाम 5 बजे तक |
| 2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 22.03.2024 दोपहर 2.00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोले जाने की तिथि | 22.03.2024 दोपहर 3.00 बजे |
| 4 | निविदा खोले जाने का स्थान | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गुण्डरदेही विकासखंड- गुण्डरदेही, जिला - बालोद (छ.ग.) |

टीप- निविदा खोलने का समय, स्थान, दिनांक अपरिहार्य कारणों से परिवर्तित किया जा सकता है । जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पटल में दिया जावेगा । व्यक्तिगत रूप से सूचना नहीं दी जावेगी ।

खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र - गुण्डरदेही
जिला - बालोद (छ.ग.)

जी-08356/3

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्रमांक/चार/र.वि./2024/306/482 भिलाई, दिनांक 05/03/2024

### -::फ्री-होल्ड हेतु दावा आपत्ति सूचना ::-

छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर जिला रायपुर के आदेश कमांक एफ-8-5/2022/18 के सम संख्यक आदेश दिनांक 06.07.2022 द्वारा नगरीय निकायों के स्वयं के आधिपत्य/स्वामित्व के लीज होल्ड पर आबंटित आवासीय/व्यवसायिक (भवनों/फ्लैट्स/भू-खण्डों/परिसर/दुकानों) को संबंधित नगरीय निकायो राजस्व विभाग से विधिवत भू-स्वामित्व प्राप्त होने पर फ्री-होल्ड के रूप में संपरिवर्तित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

फ्री होल्ड के रूप में सपरिवर्तन के लिये निम्नांकित भूखण्ड धारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर कार्यालय मे आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं जिस पर नियमानुसार कार्यवाही कर फ्री-होल्ड के रूप संपरिवर्तन किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति को इस संबंध मे किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क. | पट्टाधारी का नाम पिता/पति का नाम | योजना का नाम | ब्लाक क./भूखण्ड क. | आकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरेश कुमार अग्रवाल पिता स्व0 नरसिंह दास | शास्त्री नगर आवासीय योजना | 07/02 से लगा अतिरिक्त भूखण्ड | 476 व0फु0 |
| 2 | जसबीर सिंग सैनी पिता स्व0 स्वर्ण सिंह | पं.दीनदयालपूरम आ0यो0 | 07/09 | 216 व0मी0 |
| 3 | श्रीमती साधना तिवारी पति सुनील कुमार तिवारी | दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना | 16/23 | 33.75 व0मी0 |
| 4 | श्रीमती अंजू सिंह, श्री महाकाल सिंह, श्री वरुण सिंह तीनों के आ0 स्व0 गणेश सिंह | मो.ने.न. पश्चिम आवासीय योजना | 63/11 | 360 व0मी0 |
| 5 | श्रीमती खेदी बाई देशमुख पति स्व0 गोपी देशमुख | मो.ने.न. एलआईजी भवन आ0यो0 | 03/07 | 40.5 व0मी0 |
| 6 | श्री देवेन्द्र मिश्रा पिता स्व0 तुलेश्वर मिश्रा | मो.ने.न. पश्चिम आवासीय योजना | 21/07 | 135 व0मी0 |
| 7 | श्री जितेन्द्र कुमार सोनी (वर्मा) पिता महावीर प्रसाद एवं श्रीमती राजकुमारी पति श्री जितेन्द्र कुमार सोनी (वर्मा) | मो.ने.न. पूर्व आवासीय योजना | 40/05 | 540 व0मी0 |
| 8 | श्री राहूल कुमार सिंह पिता स्व0 रामनाथ सिंह | सुपेला मार्केट नेहरु रोड | भू.क्र. 24 | 600 व0फु0 |
| 9 | श्रीमती सुमित्रा देवी पति सत्येन्द्र सिंह | आदर्श मार्केट केम्प-01 | दुकान क्र. 49 | 18 व0मी0 |
| 10 | पीयुश कुमार साहू पिता शेषनारायण साहू | शिवाजी नगर आवासीय योजना | 03/13 | 36 व0मी0 |
| 11 | श्री नंदकिशोर साहू पिता नेतराम साहू | शिवाजी नगर आवासीय योजना | 03/14 | 36 व0मी0 |
| 12 | श्री चन्द्रप्रकाश पाण्डेय पिता श्री ए0एन0 पाण्डेय | पं.दीनदयालपूरम आ0यो0 | 04/07 | 216 व0मी0 |
| 13 | श्री दुर्गा प्रसाद वर्मा श्री महावारी प्रसाद वर्मा | मो.ने.न. पूर्व आवासीय योजना | 54/07 | 360 व0मी0 |
| 14 | श्री बालकृष्ण पाढ़ी आ0 गोपीनाथ पाढ़ी | मो.ने.न. पश्चिम आवासीय योजना | 56ए/05 | 216 व0मी0 |
| 15 | श्री राजेन्द्र कुमार शाह पिता स्व0 हरिनारायण शाह, श्रीमती लीला शाह | मदर टेरेसा नगर आ0यो0 | 38/03 | 216 व0मी0 |
| 16 | श्रीमती स्वाती वीरवानी पति श्री अजय वीरवानी | दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना | 03/17 | 33.75 व0मी0 |
| 17 | श्रीमती स्वाती वीरवानी पति श्री अजय वीरवानी | दक्षिण गंगोत्री व्यवसायिक योजना | 03/18 | 33.75 व0मी0 |
| 18 | रुक्सान सिद्धिकी पति मो0 मोबिन सिद्धिकी | जनता मार्केट व्यवसायिक | 08/05 | 15 व0मी0 |
| 19 | उमाशंकर चौबे पिता स्व0 शिवमुर्ति चौबे | स्टील नगर केम्प-01 आवासीय | व्यवस्थापन | 596 व0फु0 |
| 20 | शमीम अहमद पिता स्व0 अब्दुल शकुर | राजेन्द्र प्रसाद चौक सुपेला व्यवसायिक | ए/15 | 111.25 व0मी0 |
| 21 | श्रीमती रामबाई साहू पति स्व0 मुरलीधर साहू | श्रीराम मार्केट सुपेला व्यवसायिक | व्यवस्थापन | 111.02 व0मी0 |
| 22 | श्रीमती लता बत्रा पति भीषम लाल शर्मा | उत्तर गंगोत्री व्यवसायिक | डी/15 | 11.25 व0मी0 |
| 23 | श्रीमती प्रमिला खण्डेलवाल पति स्व0 ओमप्रकाश खण्डेलवाल, श्री मनोज कुमार खण्डेलवाल, श्री विशाल खण्डेलवाल, श्रीमती राधिका रावत तीनों के आ0 स्व0 ओमप्रकाश खण्डेलवाल की ओर से आ0मु0 प्रा.-श्री जयंत कुमार खण्डेलवाल आ0 गिरीराज खण्डेलवाल | सुपेला मार्केट व्यवसायिक योजना | 19/12 | 357 व0फु0 |
| 24 | श्रीमती चेल्लाकानी पति श्री राजलिंगम सुरेश नाडार | मो.ने.न. पूर्व आवासीय योजना | 82/04 | 135 व0मी0 |
| 25 | श्री विशाल कुमार छाबड़ा आ0 सीताराम छाबड़ा | सुर्कलर मार्केट केम्प-02 व्यवसायिक व्यवस्थापन | 01/डी | 129.33 व0फु0 |
| 26 | श्री अनुप जी जुनघरे पिता गिरधारी जुनघरे | मो0ने0न0 पूर्व एलआईजी भवन | 05/05 | 40.5 व0मी0 |

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950,
9827806026 8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### गांवों में 10 प्राथमिक स्कूल खोलने बीएसपी ने दिया चेक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) विभाग ने कल 6 मार्च, 2024 को जिला कबीरधाम के दूरस्थ ग्रामों में 10 प्राथमिक शाला खोलने के लिये कबीरधाम के जिलाधीश को उनके कार्यालय में 114.8 लाख रूपये की राशि का चेक प्रदान किया है। जिला कबीरधाम के जिलाधीश श्री जन्मेजय मोहबे को कल 10 अतिरिक्त स्कूलों के निर्माण हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा 114.8 लाख रूपये की राषि का चेक सौंपा कर शालाओं के निर्माण के लिये स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग से महाप्रबंधक एस शिवराजन, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े एवं शिक्षा विभाग से जिला शिक्षाधिकारी एम के गुप्ता उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा जिला कबीरधाम के दूरस्थ ग्रामों में प्रथम चरण में वर्ष 2022-23 में 10 प्राथमिक शालाओं का निर्माण कराया गया था और इसके लिये सहयोग राशि प्रदान की गई थी। जनपद पंचायत जिला कबीरधाम द्वारा प्रथम चरण में 10 स्कूलों के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी कड़ी में द्वितीय चरण में भिलाई इस्पात संयंत्र ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत 10 और शालाओं के निर्माण के लिये राषि प्रदान की है। भिलाई इस्पात संयंत्र अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत षिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण आदि सार्वजनिक हितों के विकास कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करता है।

### नराकास स्तरीय भाषण प्रतियोगिता संपन्न

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 04 मार्च 2024 को 'समाज में हिंदी के प्रचार-प्रसार में महिलाओं की भूमिका' विषय पर महिलाओं के लिए 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन मानव संसाधन विकास केन्द्र स्थित भूतल सभागार में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन/विधि) फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड, भिलाई पंकज त्यागी थे। प्रतियोगिता की निर्णायकगण भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) सुमिता डे, उप मण्डल अभियंता (राजभाषा) भारत संचार निगम लिमिटेड, दुर्ग अनुराधा धनांक एवं स्नातकोत्तर शिक्षिका, केन्द्रीय विद्यालय, दुर्ग सुश्री नीता दास थी।

### जेसीबी की ठोकर से विद्युत आपूर्ति लाईन क्षतिग्रस्त

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के सेक्टर-5 में आज 05 मार्च, 2024 को दोपहर लगभग 3.00 बजे एक दुर्घटना में विद्युत आपूर्ति लाईन के पोल क्षतिग्रस्त होने से सेक्टर-5 क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के विद्युत आपूर्ति अनुभाग ने तत्काल स्थिति को सामान्य करने के लिए प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं। आज दोपहर 3:00 बजे के लगभग एनबीसीसी कंपनी द्वारा नया ओएचटी निर्माण के लिए सेक्टर-5 पानी टंकी, सड़क नंबर-22 के पास खुदाई कार्य किया जा रहा था। खुदाई की गई मिट्टी को फेंकने के लिए उनके द्वारा हाइवा गाड़ी का उपयोग किया जा रहा था। गाड़ी के आवागमन के समय गाड़ी का हाइड्रोलिक सिस्टम फेल हो जाने के कारण पास के इलेक्ट्रिकल पोल के केबल में हाईवा फंस जाने से विद्युत आपूर्ति के पोल में तेजी से खिंचाव आने से आरसीसी के 5 पोल क्षतिग्रस्त हो गये। इससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# नारी शक्ति को सशक्त बनाने भाजपा सरकार कृत संकलित है - विधायक रिकेश सेन


श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। वैशाली नगर विधानसभा अंतर्गत रामनगर स्थित शकुंतला विद्यालय आडिटोरियम में आज 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भी मातृशक्तियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाईव संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां अनेक स्व सहायता समूह की महिलाओं सहित सैकड़ों भाजपा, भाजयुमो, महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना।**




इस दौरान विधायक रिकेश सेन ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उज्जवला योजना जैसी विभिन्न योजनाए प्रारंभ की हैं। छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना का लाभ बहुत जल्द लगभग 80 हजार महिलाओं को मिलने जा रहा है। जिले में आए आवेदन में कुछ ऐसे भी हैं जिनमें बैंक खाता, आधार कार्ड आदि के तकनीकी अपडेट की आवश्यकता है, लगभग 7 हजार ऐसे आवेदन पेंडिंग में हैं इसका मतलब यह नहीं कि उन्हें योजना का लाभ नहीं मिलेगा, जो कमियां हैं उन्हें मातृशक्तियां जितनी जल्दी ठीक कर लेंगी उनको भी अगले महीने से रूपये आने लगेंगे। 7 मार्च के कार्यक्रम को आगे इसलिए भी बढ़ाया गया है कि जो कमियां आवेदन में मिली हैं उन्हें जल्द सुधार लिया जाएगा। मोदीजी के कार्यक्रम की तिथि तय होते ही शीघ्र यह राशि महिलाओं के खाते में चंद दिनों के भीतर ही आ जाएगी। महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रयास बीजेपी की राज्य और केंद्र सरकार द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जहां पिछली सरकारों में महिलाओं की सुरक्षा नहीं हो पाती थी वहीं भाजपा सरकार में महिलाओं को रोजगार और समृद्ध बनाने का कार्य अवसर लगातार दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल से ही नारियों का सम्मान हो रहा है, वेदों में भी कहा गया है कि जहाँ नारियों की पूजा होती है वहीं भगवानजी का वास होता है। मानव जीवन में हम सभी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए नारी शक्तियों की आराधना प्राचीन काल से करते रहे हैं इसलिए मातृ शक्तियों को लगातार सबल व सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं लाई जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से शंकरलाल देवांगन, पुरूषोत्तम देवांगन, मनोज तिवारी, निगम विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह, ललिता पिल्ले, विजय शुक्ला, दिनेश मिश्रा, कुलवंती सिंह, अन्नू राणा, विजय वर्मा, संजय साहू, स्मिता डोड़के, मीना पांडेय, शिव पटेल, मोतीलाल श्रीवास्तव, दिनेश चुरहे, कुबेर शर्मा, अंकित जैन, शिवसागर मिश्रा, सागरिका पाढ़ी, अमिताभ भट्टाचार्य, बी रामा, अखिलेश सिंह, अवतार सिंह, नीतू गुप्ता, सविता देवी, ज्योति, मनीषा राठी, स्नेहा शाह, भगवती देवी सहित अनेक स्व सहायता समूह की सदस्यगण मौजूद रहीं।

### नेहरू नगर ब्रिज पर अव्यवस्था, दो-दो बित्ते के गड्ढे विधायक ने खुद नापे, किया अधिकारी को फोन, कहा - सुपरविजन टीम कर क्या रही है...?



**भिलाई।** नेहरू नगर में एक ब्रिज है, उसका हमारे शासनकाल में 2017 के लास्ट में टेंडर हुआ था, भूमि पूजन उसका कांग्रेस की सरकार ने किया और वो बनकर तैयार हुआ। डेली न्यूज पर चल रहा है कि उस पर गड्ढे हैं, काफी जगह राड निकल गए हैं, कोई बड़ी दुर्घटना कभी भी हो सकती है।? मैं चाहता हूं कि इसको इस हफ्ते ठीक कर लिया जाए। पिछले दो दिन पहले स्कूटी में जाने वाले कुछ बुजुर्ग लोग गिर गए थे। इसे खुद को संज्ञान लेना चाहिए, सुपरवाइजर, इंजीनियर जितने अधिकारी आपके अंडर में हैं, वो सारे लोग क्या सुपरविजन करते हैं। जब कोई न्यूज चैनल हमको दिखाए तभी हम ठीक करेंगे क्या...? ऐसा नहीं होना चाहिए। जल्द इसे ठीक कर लिया जाए, यह आदेश आज वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने ब्रिज के अधिकारी को दिए हैं।

# पीएम को सुनने उमड़ी महिलाएं, बेहतर कार्य करने वाली समूह को किया गया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुवल कार्यक्रम में रिसाली क्षेत्र की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कार्यक्रम में शामिल सद्स्य आजीविका मिशन द्वारा गठित समूह की सद्स्य है। इस अवसर पर आयुक्त आशीष देवांगन और मंचस्थ अतिथियों ने बेहतर कार्य कर समाज में अपनी अलग पहचान बनाने वाली समूह को सम्मानित किया।

प्रधानमंत्री मोदी जी के कार्यक्रम शुरू होने से पहले महापौर शशि सिन्हा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित की। उन्होंने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए आगे बढ़ने की बात कही। सभापति केशव बंछोर ने आजीविका मिशन के कार्यो पर प्रकाश डालते कहा कि रिसाली की महिलाएं अब आत्मनिर्भर हो रही है।



कार्यक्रम में शामिल विशेष आमंत्रित अतिथि प्रदेश कार्यकारी सद्स्य गिरिष अग्रवाल व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे ने केन्द्र और राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर उपासना साहू, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, सविता ढवस, रमा साहू, ममता सिन्हा के अलावा राजू जंघेल, दशरथ साहू, अजीत चैधरी, अनुपम साहू, मोगरा देशमुख, भागवत बुंदेला व करूणा यादव उपस्थित थी।

जूट बैग बनाने के लिए नारी स्व सहायता समूह प्रगति नगर, रूई बत्ती बनाने के लिए रिसाली बस्ती की आर्शीवाद स्व सहायता समूह, रिसाली बस्ती की रैना स्व सहायता समूह (कैंटिन) संचालन के लिए सम्मानित किया। इसी तरह नेवई की महामाया स्व सहायता समूह (सब्जी), जोरातराई की समलेश्वरी स्व सहायता समूह (फीनाईल), आशीष नगर की मैत्री स्व सहायता समूह (बड़ी, पापड़, आचार), मौहारी मरोदा की जागरूक स्व सहायता समूह (सिलाई), टंकी मरोदा की राधे-राधे स्व सहायता समूह (सिजनली समान), स्टेशन मरोदा की अनुराग स्व सहायता समूह (यूनीफार्म), डुंडेरा की कनिका स्व सहायता समूह (मशरूम), डुंडेरा की नई किरण स्व सहायता समूह (बड़ी, पापड़), रूआबांधा की वीना स्व सहायता समूह (सिलाई), पुरैना की तुलसी स्व सहायता समूह (दलिया), रिसाली सेक्टर की मां भवानी स्व सहायता समूह (रूई बत्ती), एम.पी.एम. स्व सहायता समूह (पैरदान) को सम्मानित किया गया।

### सामग्री वितरण व वापसी केन्द्रों में महिला कर्मियों के लिए रहेगी आवश्यक व्यवस्थाएं

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में महिला मतदान कर्मियों के लिए सामग्री वितरण/वापसी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किये जाएंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी.के. दुबे ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र का हवाला देते हुए सभी सहायक रिटर्निंग आफिसर, सामग्री वितरण/वापसी, मतगणना के नोडल अधिकारी और नगर निगम दुर्ग के आयुक्त को अवगत कराया है कि महिला कर्मियों के लिए सामग्री जमा करने के पश्चात् सामग्री वितरण/वापसी स्थल पर रात रूकने/विश्राम करने हेतु एक पृथक कमरा या हॉल की व्यवस्था की जाये, जिसमें पृथक से टायलेट की व्यवस्था भी हो। यदि कमरा/हॉल टायलेट की व्यवस्था न हो, ऐसी स्थिति में अस्थायी टायलेट (चलित शौचालय) की व्यवस्था की जाए, जो कि केवल महिला कर्मचारी द्वारा ही उपयोग में लाया जाए। जो महिला मतदान कर्मी रात को ही वितरण/वापसी केन्द्र से शहर या अपने घर नजदीक होने से वापस जाना चाहती हैं, तो उनके लिए एक छोटी वाहन की व्यवस्था पुलिस सुरक्षा के साथ की जाये।

उक्त सुविधा की जानकारी महिला मतदान कर्मियों को सामग्री वितरण के समय ही अनिवार्यत: दी जाये। इसी प्रकार मतदान कर्मियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट के माध्यम से मतदान केन्द्रों में ही अवगत कराया जाये।

## महतारी वंदन योजना से हितेश्वरी पूरा करेगी शिक्षक बनने का सपना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना न केवल महिलाओं की छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि यह महिलाओं के सपने पूरे करने का ज़रिया बन रहा है। महिलायें योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि के सदुपयोग हेतु सपने सजोये हुए है, इन्हीं में से एक भिलाई की हितेश्वरी वर्मा योजना से मिलने वाले पैसों को अपनी पढ़ाई में उपयोग करने की योजना बना रही हैं। हितेश्वरी अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती हैं, घर गृहस्थी के काम में उनका शिक्षक बनने का सपना पीछे रह गया था। वह अपने काम से समय निकाल कर आस-पास के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ाती हैं। इसी से बचाए पैसों और पति की सहायता से उन्होंने अपने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। हितेश्वरी को पढ़ाना बहुत अच्छा लगता है, इसलिए वह डिप्लोमा इन एजुकेशन करना चाहती हैं। वह बताती हैं पढ़ाई की फीस से मेरे पति पर अतिरिक्त खर्च का बोझ बढ़ता। अब महतारी वंदन योजना से मुझे जो पैसे मिलेंगे उनसे मैं पाठ्यक्रम और अन्य किताबें ख़रीद सकती हूँ। इन पैसों से फ़ीस का भार भी कम होगा। यह योजना मेरे शिक्षक बनने का सपना पूरा करेगी।

## महापौर परिषद ने लगाई कई प्रस्तावों पर मुहर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम के महापौर परिषद ने आचार्य श्री संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज की प्रतिमा स्थापना एवं कीर्ति स्तम्भ निर्माण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए अन्य 7 प्रस्तावों पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता एवं आयुक्त के प्रतिनिधि अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज की प्रतिमा स्थापना




जोन-1 क्षेत्र के नेहरू नगर में समुचित स्थान पर प्रतिमा स्थापना तथा कीर्ति स्तम्भ स्थापित किये जाने के प्रस्ताव पर विचार पश्चात सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रस्तुत प्रस्ताव पर स्थल चयन एवं ड्राईंग डिजाईन के साथ प्रस्ताव तैयार करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इसी प्रकार जोन-3 संतोषीपारा में स्थित डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन के संचालन संधारण हेतु निविदा प्राप्त वर्तमान एजेसी के लिए 6 माह की वृद्धि करते हुए आगामी 2 वर्ष के लिए पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। आंगनबाड़ी के रिक्त कार्यकर्ता एवं सहायिका के पद पर नियुक्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही भू-आबंटन संबंधी प्राप्त प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एन्थोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लालचंद वर्मा, केशव चैबे, मालती ठाकुर, चन्द्रशेखर गंवई, नेहा साहू, मीरा बंजारे सहित जोन आयुक्त, विभागीय सचिव एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत त्रि-दिवसीय अभियान कुल 7628 बच्चों का किया गया टीकाकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस 3 मार्च, 2024 रविवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के नगरीय क्षेत्र में नगर सेवाएं, जन स्वास्थ विभाग एवं चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का संचालन किया गया। इस त्रिदिवसीय टीकाकरण अभियान में कुल 7628 बच्चों का टीकाकरण किया गया। प्रथम दिवस 4223 बच्चों का टीकाकरण किया गया। दूसरे दिन घर घर सर्वेक्षण एवं टीकाकरण का यह अभियान के तहत पल्स पोलियो टीकाकरण के लिए 04 मार्च, 2024 को कुल 12336 घरों में दस्तक दिया गया एवं 2086 बच्चों का टीकाकरण किया गया। 05 मार्च 2024 को 15495 घरों में दस्तक दिया गया एवं 1319 छुटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया गया।

इस त्रि-दिवसीय टीकाकरण अभियान के प्रथम दिन टाउनशिप में 74 बूथ एवं 4 मोबाइल टीम के माध्यम से टीकाकरण



किया गया। यह अभियान नर्सिंग महाविद्यालय भिलाई, महतारी सेवा संस्था रुआबांधा एवं अल्टरनेटिव मेडिकल कॉलेज द्वारा उपलब्ध कराये गए स्वयंसेवकों के माध्यम से चलाया गया। प्रथम दिवस 4223 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के दूसरे दिन कुल 73 बूथों के माध्यम से 04 मार्च, 2024 को टाउनशिप में जन स्वास्थ विभाग एवं चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जा रहे पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत, कुल 12336 घरों में दस्तक दिया गया एवं 2086 बच्चों का टीकाकरण किया गया। नर्सिंग महाविद्यालय, भिलाई, महतारी सेवा संस्था रुआबांधा, एवं अल्टरनेटिव मेडिकल कालेज द्वारा उपलब्ध कराये गए स्वयंसेवकों के माध्यम से संचालित इस अभियान में लगभग 300 लोगों की सक्रिय भागीदारी रही।

'पोलियो पर जीत रहे बरकरार' के लक्ष्य को हासिल करने शत प्रतिशत कवरेज के लिए पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तीसरे दिन भी भिलाई टाउनशिप में जन स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित घर-घर सर्वेक्षण एवं टीकाकरण का कार्यक्रम 05 मार्च 2024 को 15495 घरों में दस्तक दिया गया एवं 1319 छुटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया गया। भिलाई टाउनशिप में यह अभियान में पी जी नर्सिंग महाविद्यालय भिलाई, महतारी सेवा संस्था रुआबांधा, अल्टरनेटिव मेडिकल कालेज,भिलाई एवं महाराष्ट्र मित्र मंडल हुडको के स्वयंसेवकों के सहयोग से संचालित किया गया।

तीन दिनों तक चले इस महा-अभियान में 300 से भी अधिक लोगो की सक्रिय भागीदारी रही। इस अभियान को सफल बनाने में सहभागिता के लिए जन स्वास्थ्य विभाग एवं चिकित्सा विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र, भिलाई की प्रबुद्ध जनता सहित नगर सेवाएं विभाग, शिक्षा विभाग, जन संपर्क विभाग, एवं सभी अन्य संस्थाओं के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता है।

ज्ञात हो, इस्पात नगरी, भिलाई में राष्ट्रीय पल्स पोलियों के 3 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 3 मार्च, 2024 को सेक्टर 9 चैक में स्थापित पल्स पोलियों सेंटर में किया गया था। संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय सेक्टर 9 के चिकित्सक समेत अन्य मेडिकल स्टॉफ व बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत रिसामा को लगे चार चांद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रधान मंत्री की स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत जिले में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत रिसामा को स्वच्छ बनाया गया। इस मिशन के अंतर्गत रिसामा में वृक्षारोपण एवं बागवानी किया गया है। जिसमें ग्रीन स्टेशन को खूबसूरती में चार चांद लगा दिया है। स्वच्छता निगरानी के लिए ग्राम पंचायत में सीसीटीवी कैमरा स्थापित किया गया है।

स्वच्छता अभियान के दौरान 2.20 लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है। इसी तरह 3.64 लाख की लागत से सेग्रीग्रेशन शेड का निर्माण किया गया जिसमे मनरेगा के अंतर्गत कचरा कलेक्शन किया जा रहा है। 34 हजार 500 परिवार को 20 रू. की दर से प्रति माह 16 हजार रूपए स्वच्छता हितग्राहियों को भुगतान किया जा रहा है तथा सार्वजानिक



स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है। स्वच्छता के लिए सार्वजनिक स्थानां से कचरा कलेक्शन के लिए कचरा पेटी रखी गई है। जिसमे ग्राम पंचायत रिसामा को 20 लाख रूपये राशि का अनुदान प्राप्त हुआ। इस राशि से कचरा पेटी, बचत बैंक प्रारंभ किया गया। इससे पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबंधन को बंद किया गया है। उसके स्थान पर स्टील बर्तन बैंक की स्थापना की गई है। गांव में होने वाले सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक आयोजनों पर ग्रामीण जनों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर स्टील बर्तन का उपयोग किया जाने लगा है। परिणामस्वरूप सुखे कचरे के रूप में प्लास्टिक कचरे में कमी आयी है।

लोग बर्तनों का इस्तेमाल कर अपनी पुरानी संस्कृति की तरफ लौट रहे हैं। अति गरीब परिवार को बर्तन नि:शुल्क प्रदान किया जाता है, तथा सामान्य परिवार वर्ग के लिए शुल्क निर्धारित किया गया है। जिससे इन बर्तनों का साफ सफाई का मेंटनेंस किया जाता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950